RNI NO. PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

पेज 07

'गजरा' में सच्ची घटना पर आधारित किरदार निभाएंगी अदा शर्मा



VOL: 03 | ISSUE 175 | SATURDAY DATE 18-07-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली सचिवालय में धूमधाम से मनाया गया तमिलनाडु दिवस

**दिल्ली, यूटर्न/ 17 जुलाई ।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि तमिलनाडु दिवस भारत की सांस्कृतिक विविधता, गौरवशाली परंपराओं और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। दिल्ली सचिवालय में आज तमिलनाडु दिवस के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भरतनाट्यम, कराकट्टम, कावड़ी अट्टम और काराागम जैसे पारंपरिक तमिल लोक एवं शास्त्रीय नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गयी।

वर्षा की देवी मारी अम्मन और भगवान मुरुगन की आराधना पर आधारित नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया।

### अनुराग कुमार दिल्ली के नए पुलिस आयुक्त नियुक्त



**दिल्ली, यूटर्न/ 17 जुलाई ।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी अनुराग कुमार को दिल्ली पुलिस का नया आयुक्त नियुक्त किया गया है। वे राष्ट्रीय राजधानी के पुलिस बल के प्रमुख के रूप में कार्यरत सतीश गोलचा का स्थान लेंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय के एक आदेश के अनुसार, अरूणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम-केंद्रशासित प्रदेश (एजीएमयूटी) संवर्ग के 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी अनुराग कुमार तत्काल प्रभाव से कार्यभार संभालेंगे और अगले आदेश तक इस पद पर बने रहेंगे। अपनी इस नियुक्ति से पहले, श्री कुमार खुफिया ब्यूरो (आईबी) में विशेष निदेशक के रूप में कार्यरत थे।

## न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन पर शुरू हुई आधुनिक ईवी चार्जिंग सुविधा

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 17 जुलाई**



नमो भारत के न्यू अशोक नगर स्टेशन पर उच्च क्षमता वाला इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन आम लोगों के लिए शुरू कर दिया गया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) के अनुसार, यह दिल्ली के सबसे बड़े सार्वजनिक अल्ट्रा-फास्ट ईवी चार्जिंग स्टेशनों में से एक है। इसका उद्देश्य हरित और सतत परिवहन को बढ़ावा देना तथा इलेक्ट्रिक वाहन उपयोगकर्ताओं को तेज और सुविधाजनक चार्जिंग सुविधा उपलब्ध कराना है। चार्जिंग स्टेशन पर कुल 14 डीसी चार्जिंग पॉइंट लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से निजी और व्यावसायिक इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ-साथ इलेक्ट्रिक बसों को भी एक साथ चार्ज किया जा सकेगा। इनमें 240 किलोवाट क्षमता के सात डीसी चार्जिंग पॉइंट, 360 किलोवाट क्षमता के चार अल्ट्रा-फास्ट डीसी चार्जिंग पॉइंट और 480 किलोवाट क्षमता के तीन अल्ट्रा-फास्ट डीसी चार्जिंग पॉइंट शामिल हैं, जो भारी इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बनाए गए हैं।

एनसीआरटीसी ने बताया कि इस केंद्र पर सुरक्षित और भरोसेमंद चार्जिंग के लिए आधुनिक सुरक्षा और निगरानी प्रणाली लगाई गई है। उपयोगकर्ता मोबाइल ऐप के माध्यम से चार्जिंग स्टेशन का पता लगाने के साथ-साथ चार्जिंग सुविधा का उपयोग भी कर सकेंगे। स्टेशन पर चार्जिंग सुविधा शुरू होने से नमो भारत के यात्रियों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले इलेक्ट्रिक वाहन चालकों को भी लाभ मिलेगा। निजी इलेक्ट्रिक वाहन से स्टेशन पहुंचने वाले यात्री अब वहीं अपने वाहन चार्ज कर सकेंगे। इससे इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा मिलने की भी उम्मीद है। एनसीआरटीसी के अनुसार, इस सुविधा के शुरू होने के साथ अब कुल नौ नमो भारत स्टेशनों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन उपलब्ध हो गए हैं।

# जींद से दौड़ी भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन

**» जींद, यूटर्न/ 17 जुलाई ।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को हरियाणा के जींद रेलवे स्टेशन से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेन दुनिया की सबसे लंबी और सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेनों में से एक है। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने पहली हाइड्रोजन ट्रेन को जींद से सोनीपत के लिए रवाना किया। हरी झंडी दिखाने के बाद उन्होंने जींद रेलवे स्टेशन पर मौजूद लोगों और छात्र-छात्राओं का अभिनंदन स्वीकार किया। दूसरे प्लेटफॉर्म पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

वहीं, पहली हाइड्रोजन ट्रेन का सफर शुरू होने के साथ स्कूली बच्चों ने 'ग्रीन ट्रांसपोर्ट' का अनुभव किया। हाथों में तिरंगा लिए स्कूली छात्र हाइड्रोजन ट्रेन की यात्रा को लेकर उत्साहित दिखे। इसके बाद, उन्होंने जींद के एकलव्य स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम से लगभग 14,700 करोड़ रुपए की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। पीएम मोदी के मंच पर पहुंचने पर हरियाणा के मुख्यमंत्री ने उनका स्वागत किया। उन्होंने पीएम मोदी को साफा पहनाया और उपहार भेंट किए। पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री लगभग 9,680 करोड़ रुपए की लागत से विकसित 157.92 किलोमीटर लंबे, चार लेन वाले और पूरी तरह से सुलभ दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे (पैकेज 1 से 5) को राष्ट्र को समर्पित किया।

इस एक्सप्रेसवे से दिल्ली और कटरा के बीच यात्रा का समय लगभग 14 घंटे से घटकर लगभग 6 घंटे हो जाएगा, जबकि दिल्ली-अमृतसर की यात्रा का समय लगभग 8 घंटे से घटकर 4 घंटे रह जाएगा। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग-7 और राष्ट्रीय राजमार्ग-344 पर बने 33.81 किलोमीटर लंबे चार लेन वाले, आंशिक रूप से प्रवेश-नियंत्रित अंबाला-काला अंब राजमार्ग का भी उद्घाटन किया।

एक अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं में राष्ट्रीय राजमार्ग-352ए पर स्थित 40.60 किलोमीटर लंबा जींद-गोहाना ग्रीनफील्ड राजमार्ग का उद्घाटन और हांसी-बरवाला ब्राउनफील्ड राजमार्ग परियोजना की आधारशिला शामिल है।



## आम आदमी पार्टी और सपा के बाद कांग्रेस ने भी दिया वांगचुक को समर्थन

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 17 जुलाई ।** लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के आमरण अनशन को विपक्षी दलों के समर्थन के बीच शुक्रवार को कांग्रेस की तरफ से संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा भी उनसे मिलने पहुंचे। श्री खेड़ा ने आज सुबह धरना स्थल पर पहुंचकर श्री वांगचुक के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और उनसे विचार विमर्श कर उन्हें समर्थन किया। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार श्री खेड़ा ने वांगचुक का हालचाल जाना और कहा कि लद्दाख के लोगों की लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक मांगों को गंभीरता से सुना जाना चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से इस मुद्दे पर सकारात्मक पहल करते हुए संवाद के माध्यम से समस्या का समाधान निकालने का आग्रह किया। सोनम वांगचुक 15 जुलाई से अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर हैं। आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल भी पहुंचे। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था, पेपर लीक और प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पद से हटाया जाना चाहिए और शिक्षा सुधार के लिए काम करने वाले सोनम वांगचुक को देश का शिक्षा मंत्री बनाया जाना चाहिए।

## गरीबों के बच्चों को अनपढ़ बनाना चाहती है भाजपा : आप

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 17 जुलाई ।** आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने रामपुर स्थित जौहर विश्वविद्यालय को तोड़ने के फैसले पर कड़ी आपत्ति जताते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मोदी-योगी सरकार पर तीखा हमला किया है। श्री सिंह ने शुक्रवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी-योगी-भाजपा का एक ही नारा है कि अनपढ़-गंवार रहेंगे बच्चे, तभी तो अंधभक्त बनेंगे बच्चे। चौथी पास राजा और उसकी पार्टी भाजपा स्कूल, कॉलेज तोड़ने वाली पार्टी है। ये गरीबों के बच्चों को अनपढ़ बनाना चाहती है ताकि वो सवाल ना कर सके। अब ये लोग जौहर विश्वविद्यालय तोड़ने जा रहे हैं, जहां हिंदू-मुस्लिम सभी वर्गों के बच्चे पढ़ते हैं। आज प्रधानमंत्री दुनिया के टॉप 100 विश्वविद्यालयों में भारत के एक भी विश्वविद्यालय का नाम नहीं बता सकते। उन्होंने कहा कि यह बड़े अफसोस की बात है कि भाजपा इस देश को अनपढ़, जाहिल और गंवार बनाकर रखना चाहती है। अगर यह देश अनपढ़ रहेगा तो अंधभक्त की तरह भाजपा को वोट देता रहेगा और कभी सरकार से सवाल नहीं पूछेगा। उन्होंने कहा कि मोदी राज में एक लाख सरकारी स्कूल बंद हो चुके हैं और 91 हजार नये निजी स्कूल खुले हैं। देश में 1 लाख 20 हजार सरकारी स्कूल ऐसे हैं जिनमें सिर्फ एक शिक्षक है, 98 हजार स्कूलों में बच्चियों के लिए टॉयलेट का इंतजाम नहीं है और 1 लाख 19 हजार सरकारी स्कूलों में बिजली का इंतजाम नहीं है।

## दिल्ली को मिले 45 नए आयुष्मान जन आरोग्य मंदिर

**» नई दिल्ली , यूटर्न/ 17 जुलाई ।**



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी के लोगों को घर के पास ही स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लक्ष्य के साथ 45 नए आयुष्मान जन आरोग्य मंदिरों का लोकार्पण किया। शकरपुर में लोकार्पण करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार की प्राथमिकता है कि लोगों को प्राथमिक इलाज इधर उधर न भटकना पड़े ।

सरकार जल्द ही 1100 से अधिक आयुष्मान जन आरोग्य मंदिर शुरू करने का लक्ष्य पूरा करेगी । इसी के साथ मुख्यमंत्री ने त्रिनगर विधानसभा में 14.25 करोड़ की विकास योजनाओं का शुभारंभ किया । इस मौके पर स्थानीय विधायक तिलकराम गुप्ता समेत जनप्रतिनिधि मौजूद थे। दिल्ली में अब आयुष्मान जन आरोग्य मंदिरों की संख्या 415 हो गई है ।

मुख्यमंत्री ने कहा इन सभी आयुष्मान जन आरोग्य मंदरों में ओपीडी, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, नियमित टीकाकरण, गैर संचारी रोगों की निःशुल्क जांच और जरूरी दवाइयां दी जा रही हैं । कुल 80 तरह के रोगों की जांच आदि की सुविधा है । इसके साथ ही बीमारी की रोकथाम, शुरूआती पहचान , समय पर उपचार और स्वास्थ्य जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है । सरकार का उद्देश्य केवल बीमारियों का इलाज करना नहीं, बल्कि लोगों के बीच स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना भी है । जिससे लोग नियमित व्यायाम को दिनचर्या का हिस्सा बनाए ।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्थानीय विधायक के विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया । इन विकास कार्यों में मुख्य रूप से नेताजी सुभाष पैलेस क्षेत्र की 5 सड़कें एक नाले का पुनर्निर्माण शामिल है । इसके अलावा संम्राट एंक्लेव मार्केट का सौंदर्यीकरण, गुर्जर चौपाल, सैनी चौपाल एवं श्मशान घाट भूमि का विकास शामिल है। इसके अलावा पीडब्ल्यूडी ने 6.25 करोड़ रुपए की लागत से आठ प्रमुख सड़कों का कार्य शुरू किया है ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार विकास कार्यों, स्वास्थ्य सुविधाओं, आधार संरचना और नागरिक सुविधाओं मजबूत कर रही है। हर नागरिक को समय पर अपने घर के पास ही स्वास्थ्य की सुविधा मिले, बेहतर सड़कें और आधुनिक सुविधाएं मिलें।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# नशे के कारोबार में शामिल 5 महिलाएं गिरफ्तार, 6 किलो से अधिक गांजा बरामद

» **नोएडा, यूटर्न/ 17 जुलाई ।**

गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए थाना सेक्टर-20 क्षेत्र से गांजा तस्करी में संलिप्त पांच महिलाओं को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने इनके कब्जे से कुल 6 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया है। गिरफ्तार की गई सभी महिलाओं के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अब यह भी पता लगाने में जुटी है कि यह गांजा कहां से लाया गया था और इसे नोएडा व आसपास के क्षेत्रों में किस नेटवर्क के माध्यम से सप्लाई किया जाना था। पुलिस के अनुसार, 17 जुलाई को थाना सेक्टर-20 पुलिस



ने लोकल इंटेलिजेंस और बीट पुलिसिंग की मदद से कार्रवाई करते हुए सेक्टर-18 स्थित बिजली घर के पास बने पार्क से पांच महिलाओं को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्ताओं की पहचान नेहा पत्नी कालूराम, प्रेमा पत्नी राम भजन, बिंदिया उर्फ सोनाक्षी पत्नी अरबे सिंह, लक्ष्मी पत्नी तिलक तथा सुशीला उर्फ करिश्मा पत्नी विश्व दीप के रूप में हुई है। पूछताछ में पता चला कि नेहा, प्रेमा और बिंदिया उर्फ सोनाक्षी मध्य प्रदेश के राजगढ़ की रहने वाली हैं, जबकि लक्ष्मी और सुशीला मूल रूप से आगरा की निवासी हैं तथा वर्तमान में दिल्ली के कल्याणपुरी क्षेत्र में रह रही थीं। पुलिस ने तलाशी के दौरान इनके कब्जे से कुल 6.1 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया, जिसे जब्त कर लिया गया है। जांच में यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार महिलाओं में से कई का आपराधिक इतिहास पहले से रहा है। नेहा के खिलाफ लखनऊ में चोरी और चोरी का सामान रखने का मुकदमा दर्ज है। बिंदिया उर्फ सोनाक्षी के खिलाफ दिल्ली में लूट, चोरी और अन्य आपराधिक धाराओं में कई मामले दर्ज हैं। लक्ष्मी पर इटावा में चोरी से संबंधित मुकदमा दर्ज है, जबकि सुशीला उर्फ करिश्मा के खिलाफ आगरा के विभिन्न थानों में चोरी, लूट और संबंधित धाराओं में कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं। वर्तमान मामले में सभी आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर-20, नोएडा में मुकदमा एनडीपीएस एक्ट में दर्ज किया गया है।

# रिफाइनरी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों की मांगे न मानने पर यूनियन सदस्यों ने शुरू की , अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल

» **निर्मल सिंह विर्क**

पानीपत, यूटर्न/ 17 जुलाई । इंडियन ऑयल पानीपत रिफाइनरी कर्मचारी यूनियन द्वारा कर्मचारियों को मूलभूत सुविधाएं न देने और समस्याओं का समाधान न होने के कारण शुक्रवार को रिफाइनरी टाउनशिप गेट नंबर 2 पर रिफाइनरी प्रशासन के खिलाफ अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी। कर्मचारी यूनियन ने कहा कि जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाती तब तक अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जारी रहेगी। भूख हड़ताल पर बैठे पानीपत रिफाइनरी कर्मचारी यूनियन प्रधान संपूर्ण सिंह ने बताया कि हमने उपायुक्त पानीपत और एसपी पानीपत को वीरवार को सूचना देकर आज शुक्रवार से मैंने मनोज कटियार, प्रदीप शर्मा और पवन चहल ने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी है। यह भूख हड़ताल तब तक जारी रहेगी जब तक हमारी मांगे नहीं मानी जाती। उन्होंने बताया कि अगर कर्मचारी यूनियन के किसी भी साथी के साथ कोई अप्रिय घटना घटती है तो उसका जिम्मेवार रिफाइनरी प्रशासन होगा।



उन्होंने बताया कि इंडियन ऑयल रिफाइनरी कर्मचारी यूनियन द्वारा मांगें मनवाने के लिए रिफाइनरी टाउनशिप में 29 जून को एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया था। वंही 10 जुलाई को रिफाइनरी कर्मचारी यूनियन द्वारा दिए गए समय के अंदर रिफाइनरी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उनकी मांगे न मानने पर कर्मचारी यूनियन का गुस्सा फूट पड़ा था और रिफाइनरी गेट पर एकत्रित होकर रिफाइनरी प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पी 25 प्रोजेक्ट गेट से कोको चौंक तक जुलूस निकाला गया था। वंही रिफाइनरी दिवस पर रिफाइनरी प्रशासनिक अधिकारियों का विरोध करते हुए कर्मचारी यूनियन द्वारा काले कपड़े पहनकर प्रभात फेरी निकली गई थी।

प्रधान संपूर्ण सिंह ने बताया कि रिफाइनरी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कर्मचारी यूनियन की कई दौर की बातचीत हो चुकी है परंतु आज तक समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। रिफाइनरी प्रशासन कर्मचारियों की समस्या का समाधान नहीं करना चाहता।

उन्होंने बताया कि रिफाइनरी टाउनशिप में लोगों के लिए मूलभूत सुविधा पीने का साफ पानी नहीं है जिसके लिए तुरंत आर.ओ. प्लांट लगवाया जाए। रिफाइनरी टाउनशिप में बहुत अधिक संख्या में आवारा कुत्ते घूमते हैं। जो आए दिन किसी न किसी को अपना शिकार बना लेते हैं। हम रिफाइनरी प्रशासन से मांग करते हैं कि आवारा कुत्तों का स्थाई समाधान करवाया जाए। दवाइयों की गुणवत्ता और मेडिकल लैब में सुधार करवाओ। सर्विस डिपार्टमेंट में मैनपावर की भर्ती करो, रिफाइनरी टाउनशिप एस्टेट ऑफिस की बदहाली दूर करो, पी.पी.3 प्लांट में ई.ओ. की नियुक्ति बंद करो और रिफाइनरी एवं इंडियन ऑयल दिवस पर कर्मचारियों को दी जाने वाली सुविधाओं में जो कटौती की गई है उसको दोबारा दिया जाए आदि सहित हमारी दर्जन भर मांगें हैं जिनके लिए कर्मचारी यूनियन द्वारा धरना प्रदर्शन कर रहा है।

इस अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल धरने में दिनेश कुमार, शुभम चौधरी, कृष्णा, अमरपाल, ललित कुमार, टिंकू, चंदन, रवि प्रकाश आदि सहित कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी और सैंकड़ों की संख्या में यूनियन के सदस्य उनके साथ रहेंगे।

**आज अस्सिटेंट लेबर कमिश्नर के यहां हियरिंग थी, परंतु वहां बात नहीं बनी। हमारे कर्मचारी यूनियन के साथी हड़ताल पर बैठ गए हैं। हम उनको नहीं छोड़ सकते। हम उनसे लगातार बात करते रहेंगे। आप हड़ताल का रास्ता छोड़ो बातचीत के माध्यम से समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करेंगे। आज शाम को रिफाइनरी टाउनशिप गैस्ट हाऊस में उनके साथ बातचीत करेंगे।**

**ओमप्रकाश, मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन रिफाइनरी।**

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली में ट्रांसजेंडर का वेष बदलकर रह रहा अवैध बंगलादेशी नागरिक गिरफ्तार

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 17 जुलाई ।** दिल्ली पुलिस ने महेंद्र पार्क थाना इलाके से ट्रांसजेंडर का वेष बदलकर रह रहे एक गैर-कानूनी बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि यह गिरफ्तारी 14 जुलाई को तड़के एक गुप्त मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर की। यह डिवीजन निगरानी और गुप्त जानकारी के आधार पर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रहा था और उसने एनएस मंडी, थाना महेंद्र पार्क इलाके में छापेमारी की। प्रारंभिक पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति के पास कोई वैध यात्रा या पहचान दस्तावेज नहीं मिला। बयान में कहा गया है कि पूछताछ के दौरान जांच अधिकारियों को पता चला कि संदिग्ध बंगलादेश का एक गैर-कानूनी प्रवासी था जो बिना किसी वैध यात्रा या पहचान दस्तावेज के भारत में रह रहा था। पुलिस ने बताया कि उसके पास से एक स्मार्टफोन मिला जिसमें बंगलादेशी पहचान के दस्तावेज थे।

### राष्ट्रपति  भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों से की मुलाकात

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 17 जुलाई ।** भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केन्द्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि वे केवल वनों के प्रशासक नहीं हैं, बल्कि भारत की प्राकृतिक धरोहर के संरक्षक भी हैं। आज उनकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। सम्पूर्ण विश्व जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के ह्रास जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है।इन चुनौतियों का निराकरण करने में वन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस तरह, भारतीय वन सेवा के अधिकारियों का योगदान केवल भारत की पर्यावरणीय सुरक्षा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उनके योगदान से सतत विकास के वैश्विक प्रयासों को भी बल मिलेगा। उन्होंने युवा अधिकारियों को वन क्षेत्र का विस्तार करने पर ध्यान देने की सलाह दी, क्योंकि वन ही पृथ्वी पर जीवन के आधार हैं।

### दिल्ली में किसी भारतीय मतदाता का वोट नहीं कटने देगी बीजेपी: हर्ष मल्होत्रा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 17 जुलाई ।**

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने चुनाव आयोग द्वारा दिल्ली में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की समय-सीमा बढ़ाए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि इससे मतदाता सूची का काम अधिक पारदर्शी तरीके से पूरा हो सकेगा। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली के किसी भी वैध मतदाता का वोट न तो कटेगा और न ही भारतीय जनता पार्टी ऐसा होने देगी। शुक्रवार को जारी बयान में हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई विदेशी नागरिक भारतीय मतदाता के रूप में पंजीकृत न हो और प्रत्येक भारतीय का नाम केवल एक ही स्थान की मतदाता सूची में दर्ज रहे। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे आम आदमी पार्टी और कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम में न आएं। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पूर्वांचल समाज तथा झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोगों को भाजपा के खिलाफ भड़काने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल के लोग भाजपा की नीतियों पर विश्वास रखते हैं और विभिन्न राज्यों में लगातार भाजपा की सरकार चुनते रहे हैं, इसलिए इस तरह के प्रचार का उन पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

# 20 से 24 जुलाई तक करियर की नई राह दिखाएगा व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह: उपायुक्त

## रोजगार विभाग की अनूठी पहल, सही करियर चयन और कौशल विकास पर रहेगा विशेष फोकस

## सेमिनार और कार्यशालाओं के जरिए युवाओं को मिलेगा भविष्य संवारने का अवसर

» **निर्मल सिंह विर्क**

पानीपत, यु-टर्न 17 जुलाई। उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के विद्यार्थियों और रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं को करियर संबंधी बेहतर मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय, द्वारा 20 जुलाई से 24 जुलाई तक व्यावसायिक मार्गदर्शन



सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान विभिन्न शिक्षण संस्थानों और रोजगार कार्यालय परिसर में सेमिनार एवं कार्यशालाओं का आयोजन कर युवाओं को रोजगार, प्रशिक्षण और करियर के बेहतर विकल्पों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि राज्य के सभी रोजगार कार्यालयों में एक साथ आयोजित होने वाले इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं बेरोजगार युवाओं को उनकी रुचि, योग्यता और कौशल के अनुरूप सही करियर चुनने के लिए प्रेरित करना है। साथ ही उन्हें विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों, प्रशिक्षण सुविधाओं और रोजगार के अवसरों से भी अवगत कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में बदलते रोजगार परिदृश्य को देखते हुए युवाओं के लिए सही समय पर उचित मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में विशेषज्ञ युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध संभावनाओं, आवश्यक कौशल, प्रशिक्षण संस्थानों तथा रोजगार प्राप्त करने के प्रभावी तरीकों की जानकारी देंगे। व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय, पानीपत एवं उपमंडल रोजगार कार्यालय समालखा द्वारा विभिन्न शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त कार्यालय परिसर में भी विशेष सेमिनार एवं कार्यशालाएं लगाई जाएंगी, जिनमें विद्यार्थियों और बेरोजगार युवाओं को करियर निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। रोजगार अधिकारी रितु चहल ने अधिक से अधिक विद्यार्थियों एवं युवाओं से इन कार्यक्रमों में भाग लेकर विशेषज्ञों के अनुभव का लाभ उठाने और अपने भविष्य को नई दिशा देने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि यह सप्ताह युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसरों से जोडने के साथ-साथ उनके कौशल विकास और बेहतर करियर निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।

# सांसद नवीन जिन्दल ने स्वच्छ ईंधन बस में यात्रा कर एलिवेटेड ट्रैक व थानेसर रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

» **परमिंदर सिंह**

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 17 जुलाई । सांसद नवीन जिन्दल ने शुक्रवार को इलेक्ट्रिक बस में यात्रा कर थानेसर रेलवे स्टेशन और कार्यक्रम स्थल श्रीमद्भगवद्गीता सदन पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छ ईंधन के अधिकाधिक उपयोग का संदेश देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लिए स्वच्छ ऊर्जा को अपनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

सांसद नवीन जिन्दल ने एलिवेटेड ट्रैक एवं नवनिर्मित थानेसर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण



किया। उन्होंने कहा कि यह एलिवेटेड ट्रैक कुरुक्षेत्र के विकास में एक ऐतिहासिक कदम है। इससे शहर दो हिस्सों में बंटने की समस्या दूर होगी, वर्षों से लोगों को परेशानी का कारण बने पांच रेलवे फाटक समाप्त होंगे और यातायात अधिक सुगम, सुरक्षित तथा तेज होगा। उन्होंने रेलवे अधिकारियों से विभिन्न सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की तथा स्टेशन के संचालन और यात्री सुविधाओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की।निरीक्षण के दौरान सांसद नवीन जिन्दल ने स्टेशन को और अधिक आधुनिक, सुविधाजनक एवं आदर्श रेलवे स्टेशन बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यात्रियों की सुविधा, स्वच्छता, सुगम आवागमन, दिव्यांगजन-अनुकूल व्यवस्थाएं, बेहतर सूचना प्रणाली तथा सौंदर्यीकरण जैसे विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# राजकीय प्राथमिक विद्यालय गुराना में पौधरोपण अभियान का शुभारंभ, हरित भविष्य का लिया संकल्प

» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 17 जुलाई । पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण के संकल्प के साथ राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय गुराना में शुक्रवार को पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एबीआरसी प्रदीप सिंह, ग्राम सचिव मोनू, चुनाव आयोग के सुपरवाइजर विजय सिंह तथा विद्यालय के मुख्य अध्यापक राजेन्द्र जांगड़ा ने विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर किया।



कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। अतिथियों ने बच्चों को पौधरोपण के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को शुद्ध ही नहीं करते, बल्कि मानव जीवन के अस्तित्व का आधार भी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी नियमित देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

मुख्य अध्यापक राजेन्द्र जांगड़ा ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक एवं पर्यावरणीय मूल्यों के विकास के लिए भी निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियान विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम, जिम्मेदारी और संवेदनशीलता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम के अंत में सभी अधिकारियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनका संरक्षण करने तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का सामूहिक संकल्प लिया। विद्यालय परिसर में लगाए गए पौधों ने हरित एवं स्वच्छ भविष्य की दिशा में एक सार्थक पहल का संदेश दिया।

# खंड बरवाला में बीपीआईयू बैठक आयोजित, शिक्षा एवं विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा



» हरियाणा, यूटर्न/ 17 जुलाई ।

खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, बरवाला में शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी जिले सिंह की अध्यक्षता में बीपीआईयू (ब्लॉक प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन यूनिट) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में खंड बरवाला के सभी सीआरसी, एबीआरसी एवं बीआरपी ने भाग लिया।

बैठक में ब्लॉक एफएलएन कोऑर्डिनेटर मनोज रंगा ने विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया।

इस दौरान दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना, विद्यालयों में पाठ्यपुस्तकों के वितरण की प्रगति, विद्यालय भ्रमण अनुपालन, अभिभावक सहभागिता, प्रदर्शन ग्रेडिंग इंडेक्स (पीजीआई) एवं एसएलओ परिणामों की समीक्षा, एचआईटीएस कार्यक्रम, पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना, सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) गतिविधियों तथा फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (एफएलएन) से संबंधित चुनौतियों एवं उनके समाधान पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी जिले सिंह ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सभी विभागीय योजनाओं एवं कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए तथा विभाग के निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए।

> बैठक में ब्लॉक एफएलएन कोऑर्डिनेटर मनोज रंगा ने विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया।

उन्होंने विद्यालयों में शिक्षण-अधिगम की गुणवत्ता को और अधिक प्रभावी बनाने, नियमित मॉनिटरिंग करने तथा विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में सतत सुधार लाने के लिए समन्वित प्रयास करने का आह्वान किया।



# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुरुक्षेत्र को दी 617 करोड़ रुपए की 2 परियोजनाओं की बड़ी सौगात : नवीन जिंदल

» प्रमोद कौशिक/संजीव कुमारी

थानेसर, यूटर्न/ 17 जुलाई । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुरुक्षेत्र को लगभग 617 करोड़ रुपए की 2 बड़ी परियोजनाओं की बड़ी सौगात दी है। इन परियोजनाओं में लगभग 447 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित कुरुक्षेत्र रेलवे एलिवेटेड ट्रैक और लगभग 170 करोड़ रुपए की लागत से गांव उमरी में सेक्टर 33 में बनने वाले प्रदेश के पहले सिख संग्रहालय का शिलान्यास शामिल है, हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा प्रदेश को 14 हजार 721 करोड़ की 9 परियोजनाओं की बहुत बड़ी बड़ी सौगात दी है। अहम पहलू यह है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जहां जींद से ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा की जनता को देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन की सौगात देने और कुरुक्षेत्र की 2 बड़ी परियोजनाओं के साथ साथ 9 प्रोजेक्ट समर्पित करने पर आभार व्यक्त किया। वहीं कुरुक्षेत्र की धरा पर सांसद नवीन जिंदल, हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी, हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा और हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगदीश सिंह झिंडा इन ऐतिहासिक एवं यादगार क्षणों के साक्षी बने। जिला प्रशासन, एचआरआईडीसी और हरियाणा पुरातत्व विभाग के तत्वाधान में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में 2 बड़ी परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास को देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग ई-रिक्शा, सीएनजी वाहनों, साइकिल और पैदल पहुंचे। इतना ही नहीं सांसद नवीन जिंदल, हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा सहित सभी मेहमान कार्यक्रम स्थल पर इलेक्ट्रिक बस के माध्यम से पहुंचे। यहां पर बीन बांसुरी और ढोल नगाड़ों की स्वर ध्वनियों के साथ मेहमानों का स्वागत किया गया।

# जनहित के संकल्प को पूरा करने में सफल सांसद रमेश अवस्थी का सेवा भाव, आम महोत्सव में उमड़ा जन सैलाब

» सुनील बाजपेई

कानपुर, यूटर्न/ 17 जुलाई । यहां सांसद रमेश अवस्थी द्वारा 19 वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा आम महोत्सव लोगों के बीच चर्चा में सराहना का पात्र बना हुआ है। निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता से अपने कैरियर की शुरूआत करने वाले वह देश के पहले ऐसे समाजसेवी है, जो राजनीति में प्रवेश करने यानी सांसद बनने के पहले से फलों के राजा आम महोत्सव का आयोजन कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य देश की सबसे बड़ी ताकत कृषि परंपरा को नई दिशा, उसे व्यापक पहचान,उसके किसानों को सम्मान और उनको बेहतर मंच देना है।




किदवई नगर स्थित संस्कार मैदान में इस बार भी भव्य आयोजित हुए आम महोत्सव में उमड़ी हजारों की भीड़ के बीच फिल्म अभिनेता रंजीत विधायक महेश त्रिवेदी, राहुल बच्चा सोनकर, सलिल विश्नोई, सरोज कुरील, भाजपा जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल, डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह आदि भी दशहरी, लंगड़ा, चौसा, सफेदा समेत 300 से अधिक प्रजातियों के आमों की लगाई गई प्रदर्शनी देखने पहुंचे। इस भव्य महोत्सव के दौरान लोगों ने आम की विभिन्न प्रजातियों सहित जामुन का भी लुफ्त उठाया। इस दौरान देश के विभिन्न हिस्सों से आए आम उत्पादक किसानों को सम्मानित भी किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान ही मनाए गए सादगी पूर्ण जन्मदिन पर सांसद रमेश अवस्थी के सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट पुत्र सचिन अवस्थी को शुभकामनाएं देने वालों की भी भीड़ लगी रही।



## 'फैशन आइकन हंट 2K26' सफल आयोजन हुआ

हरियाणा/हिसार, यूटर्न/ 17 जुलाई । हैंड्स फॉर हेल्प फाउंडेशन और एस.टी. कोचर के संयुक्त तत्वाधान में 'फैशन आइकन हंट 2K26' का भव्य आयोजन गत दिनों मयूर विहार फेज-1 स्थित गर्ग सेलिब्रेशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम शाम 6 बजे से देर रात 12 बजे तक चला। कार्यक्रम का विषय था kWhere Style Meets Stardom" । इस आयोजन का उद्देश्य उभरते मॉडलों को मंच प्रदान करना और फैशन की दुनिया में नए सितारों को पहचान दिलाना था। कार्यक्रम की आयोजक अमृता शर्मा रहीं। शाम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और अतिथियों के स्वागत से हुई। इसके बाद प्रतिभागियों ने रैंप पर अपनी प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। स्टाइल, एटीट्यूड और आत्मविश्वास के आधार पर निर्णायक मंडल ने विजेताओं का चयन किया। कार्यक्रम में फैशन, एलिगेंस और ग्लैमर का संगम देखने को मिला। हैंड्स फॉर हेल्प फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देने के साथ-साथ युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर देते हैं। उपस्थित अतिथियों और प्रतिभागियों ने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। आयोजकों ने सभी सहयोगियों, प्रायोजकों और मीडिया का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## डेरा मंडी गांव को जल भराव से मिलेगी निजात, पानी निकासी के लिए एक नया नाला बनाने का निर्णय



### लंबे समय से चली आ रही समस्या का होगा निदान : प्रवेश साहिब सिंह

नई दिल्ली, यूटर्न/ 17 जुलाई । दक्षिणी दिल्ली के डेरा मंडी गांव को मानसून के दौरान होने वाले जल भराव से निजात मिलेगी। विभागीय मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने स्थानीय लोगों की मांग पर इलाके का दौरा किया और अधिकारियो को समस्या का स्थायी समाधान निकालने के निर्देश दिए । अधिकारियों ने पूरी स्थिति से मंत्री को अवगत कराया कि यह निचला स्थान होने की वजह से जल भराव हो रहा है । अधिकारियों ने मंत्री को स्थायी समाधान बताते हुए कहा कि एक नाला बनाकर ही समस्या का स्थायी समाधान संभव है ।

अधिकारियों का कहना था कि पहले जल भराव का पानी प्राकृतिक नाले के माध्यम से हरियाणा की तरफ निकल जाता था । अब यह निकास उपलब्ध नहीं है । मंत्री विस्तृत चर्चा करके प्रीकास्ट तकनीक से आरसीसी का नया नाला बनाने के निर्देश दिए हैं । यह नाला डेरा मंडी रोड से डेरा भाटी रोड होते हुए बांध रोड तक बनाया जाएगा और यहां से पंम्पिंग व्यवस्था से पानी को एसएस एन मार्ग से नाले में छोड़ा जाएगा । इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य मानसून के दौरान होने वाले जल भराव की निकासी का स्थायी समाधान विकसित करना है ।

मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बताया मंडी गांव दिल्ली-हरियाणा की सीमा पर है। पहले वहां ऊंची ऊंची इमारतें नहीं थी। इस कारण बारिश का पानी प्राकृतिक नाले से निकल जाता था । अब चौतरफा निर्माण होने की वजह से बारिश का पानी निकासी का संकट हो गया है । उन्होंने विभागीय अधिकारियों को इस परियोजना की कार्य योजना जल्द तैयार करने को कहा है । जिससे स्थानीय लोगों को जल भराव से स्थायी समाधान मिल सके । निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने भी मंत्री को अपनी समस्या बताई । उन्होंने मंत्री के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि नया नाला बनने के स्थायी समाधान मिल जाएगा । मंत्री के मुताबिक फि लहाल पीटीओ पंपों के माध्यम से जल भराव वाले पानी की निकासी की जा रही है ।

## लोकतंत्र का नया ड्रेस कोडः हेलमेट जरूरी



संदीप शर्मा

गुरुवार को कादियान म्युनिसिपल काउंसिल के प्रेसिडेंट पद के लिए हुए चुनाव में भारी हंगामा हुआ। वोटिंग शुरू होने से पहले ही काउंसिल ऑफिस के बाहर आप और कांग्रेस के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। दोनों पार्टियों ने जीत का दावा किया, जबकि कांग्रेस ने आरोप लगाया कि उसके पार्षदों के साथ मारपीट की गई और उन्हें वोटिंग में हिस्सा लेने से रोका गया। अब यह मामला हाई कोर्ट तक पहुँचता दिख रहा है, इसलिए यह चुनाव राजनीतिक लड़ाई के साथ-साथ कानूनी लड़ाई भी बन गया है। म्युनिसिपल चुनाव जमीनी स्तर के लोकतंत्र का सबसे शुद्ध रूप माने जाते हैं। लेकिन कादियान में हालात कुछ अलग ही दिखेः वेन्यू पर पहुँचो, कुछ घूँसों से बचो, हंगामे से गुजरो और उसके बाद ही वोट डालने के बारे में सोचो। दांव पर लगी कुर्सी न तो प्रधानमंत्री की थी और न ही मुख्यमंत्री की। फिर भी, यह मुकाबला किसी युद्धक्षेत्र जैसा था, जहाँ आरोपों और गुस्से का दौर जोरों पर था। सत्ताधारी अअढ का दावा है कि उनके पास जरूरी संख्या बल था; वहीं कांग्रेस का कहना है कि उसके पार्षदों को शारीरिक रूप से रोक दिया गया ताकि वे इसके उलट कुछ साबित न कर सकें। चुनाव कौन जीता, इसका फैसला शायद कोर्ट करे। लेकिन जनता यह देख चुकी है कि कौन हारा, लोकतंत्र। अगर म्युनिसिपल चुनाव में हिस्सा लेने के लिए भी पार्षदों को पुलिस सुरक्षा, कोर्ट के आदेश और असाधारण हिम्मत की जरूरत पड़े, तो इसका मतलब है कि कुछ तो बुनियादी तौर पर गड़बड़ है। बैलेट का इस्तेमाल राजनीतिक मुकाबलों को सुलझाने के लिए होता है, न कि मारपीट के लिए। पंजाब ने टकराव की राजनीति बहुत देख ली है। लोकल बॉडीज का काम सड़कें ठीक करना, साफ-सफाई बेहतर करना और नागरिक सुविधाएँ देना है न कि राजनीतिक ताकत का लाइव प्रदर्शन करना। शायद चुनाव अधिकारियों को वोटिंग चेकलिस्ट में एक नई चीज जोड़ने पर विचार करना चाहिएः बैलेट पेपर, वोटिंग बॉक्स और सुरक्षा के लिए हेलमेट। जब तक राजनीतिक पार्टियाँ यह नहीं समझतीं कि डराने-धमकाने के बजाय लोगों को मनाना ही लोकतंत्र की असली ताकत है, तब तक ऐसे हर चुनाव में जीतने वाले उम्मीदवारों से ज्यादा घायल संस्थाएँ ही पीछे छूटेंगी।




## चिंतन-मननः सुख के स्वभाव में डूबो

लगता है, आदमी दुख का खोजी है। दुख को छोड़ता नहीं, दुख को पकड़ता है। दुख को बचाता है। दुख को संवारता है; तिजोरी में संभालकर रखता है।

दुख का बीज हाथ पड़ जाए, हीरे की तरह संभालता है। लाख दुख पाए, पर फेंकने की तैयारी नहीं दिखाता। जो लोग कहते हैं आदमी आनंद का खोजी है, लगता है आदमी की तरफ देखते ही नहीं। आदमी दुखवादी है, अन्यथा संसार इतना दुख में क्यों हो! अगर सभी लोग आनंद खोज रहे हैं, तो संसार में आनंद की थोड़ी झलक होती। कुछ को तो मिलता! और कुछ को मिल जाता तो वे बांटते औरों को भी; तो कुछ झलक उनकी आंखों और उनके प्राणों में भी आती। अगर सभी आनंद की तलाश कर रहे हैं, तो लोग एक-दूसरे को इतना दुख क्यों दे रहे हैं। और ऐसा नहीं कि पराए ही दुख देते हों, अपने भी दुख देते हैं। अपने ही दुख देते हैं! शत्रु तो दुख देते ही है; हिसाब रखा है, मित्र कितना दुख देते हैं? जिन्हें तुमसे घृणा है, वे तो दुख देंगे, स्वाभाविक; लेकिन जो कहते हैं तुमसे प्रेम है, उन्होंने कितना दुख दिया, उसका हिसाब रखा है? और अगर हर आदमी दुख दे रहा है, तो एक ही बात का सबूत है कि हर आदमी दुख से भरा है। हम वही देते हैं, जिससे हम भरे हैं। वही तो हमसे बहता है जो हमारे भीतर लगा है। हमारे व्यवहार से दूसरों को दुख मिलता है, क्योंकि हमारे भीतर कड़वाहट है। हम लाख कहें हम प्रेम करते हैं, लेकिन प्रेम के नाम पर भी हम दूसरों के जीवन में नरक निर्मित करते हैं। पति-पत्नियों को देखो, मां-बाप को देखो; बेटे-बच्चों को देखो- सब एक-दूसरे की फांसी लगाए हुए है। ऐसा है। क्यों? और सभी कहते हैं कि हम सुख को खोजते हैं। मेरे पास रोज लोग आते हैं, जो कहते हैंः हम सुख चाहते हैं। अगर तुम सुख चाहते हो तो कोई भी बाधा नहीं है; सुख तो लुट रहा है। सुख तो चारों तरफ मौजूद है। गंगा सामने बहती है और गंगा के लिए तो चाहे दो कदम भी उठाना पड़े, सुख तो उससे भी करीब है। सुख तो तुम्हारा स्वभाव है। डूबो इस स्वभाव में। जिन्होंने भी कभी आनंद पाया है, उन्होंने एक बात निरंतर दोहराई है कि आनंद तुम्हारा जन्मसिद्ध अधिकार है। तुम जिस दिन तय कर लोगे कि आनंदित होना है, उसी क्षण आनंदित हो जाओगे। फिर एक पल की भी देरी नहीं है। देरी का कोई कारण नहीं है।

# सोनम वांगचुक का व्यक्तिगत त्याग शिक्षा सुधार के राष्ट्रीय आंदोलन की प्रेरणा बने



**राजनीतिक फेरबदल से आगे बढ़कर भारत में शिक्षा का पुनर्जागरण जरूरी**

**शिक्षा भारत का पहला वास्तविक सर्वदलीय राष्ट्रीय मिशन बने**

**भारत ने शिक्षा के क्षेत्र में पहुंच बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। स्कूलों और कॉलेजों की संख्या बढ़ी है। नामांकन में वृद्धि हुई है। शिक्षा का विस्तार पहले की तुलना में कहीं अधिक हुआ है। लेकिन केवल स्कूल और कॉलेज बढ़ा देना शिक्षा की सफलता का प्रमाण नहीं है। असली सवाल यह है कि बच्चे और युवा वास्तव में क्या सीख रहे हैं।**

सौरभ जैन अंकित



जब संसद का सत्र शुरू होता है तो देश की निगाहें बहस, हंगामे और नए कानूनों पर टिक जाती हैं। टेलीविजन चैनलों पर राजनीतिक समीकरणों का विश्लेषण शुरू हो जाता है और सुर्खियां यह तय करने लगती हैं कि कौन जीता और कौन हारा। लेकिन लोकतंत्र की वास्तविक सफलता का आकलन केवल इस आधार पर नहीं होना चाहिए कि संसद ने कितने विधेयक पारित किए। असली सवाल यह है कि संसद ने देश के सामने मौजूद सबसे महत्वपूर्ण सवालों को कितनी गंभीरता से उठाया और उनके समाधान के लिए क्या ठोस कदम उठाए।

आज ऐसा ही एक बड़ा सवाल संसद के बाहर खड़ा है, भारत की शिक्षा व्यवस्था का भविष्य क्या होगा?

सामाजिक कार्यकर्ता, वैज्ञानिक, इंजीनियर और शिक्षाविद् सोनम वांगचुक का अनिश्चितकालीन अनशन इसी सवाल को राष्ट्रीय बहस के केंद्र में ला रहा है। उनका संघर्ष केवल किसी एक व्यक्ति, संस्था या सरकार के खिलाफ आंदोलन नहीं है। यह उस शिक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता है, जो देश के करोड़ों बच्चों और युवाओं का भविष्य तय करती है।

सोनम वांगचुक की पत्नी की चिंता स्वाभाविक है। हर दिन अपने पति के कमजोर होते शरीर को देखना किसी भी परिवार के लिए पीड़ादायक होगा। लेकिन यह व्यक्तिगत चिंता अब राष्ट्रीय चिंता बन चुकी है। जब कोई व्यक्ति अपने विश्वास और उद्देश्य के लिए अहिंसक तरीके से व्यक्तिगत त्याग का रास्ता चुनता है, तो उसका उद्देश्य केवल सरकार को झुकाना नहीं होता। वह समाज और सत्ता की अंतरात्मा को जगाने का प्रयास करता है। यही कारण है कि इस आंदोलन का परिणाम यदि केवल केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे या मंत्रालय में फेरबदल तक सीमित रह जाता है, तो यह एक बड़े राष्ट्रीय प्रश्न को छोटा कर देगा। लोकतंत्र में मंत्रियों की जवाबदेही आवश्यक है। यदि कोई मंत्री अपने विभाग की विफलताओं की जिम्मेदारी नहीं लेता, तो उससे इस्तीफे की अपेक्षा करना लोकतांत्रिक व्यवस्था का स्वाभाविक हिस्सा है। लेकिन व्यक्ति बदलने से व्यवस्था नहीं बदलती। मंत्री आते-जाते रहते हैं, सरकारें बदलती रहती हैं, राजनीतिक दल सत्ता में आते-जाते रहते हैं, लेकिन शिक्षा संस्थाएं और नीतियां लंबे समय तक समाज को प्रभावित करती हैं।

इसलिए आज भारत को केवल शिक्षा मंत्री बदलने की नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की दिशा बदलने की जरूरत है। लगभग डेढ़ दशक पहले भारत की करीब आधी आबादी 25 वर्ष से कम आयु की थी। अर्थशास्त्रियों ने इसे भारत का जनसांख्यिकीय लाभांश कहा। दुनिया के किसी भी देश के लिए इतनी बड़ी युवा आबादी एक असाधारण अवसर होती है। यदि इस युवा शक्ति को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल और रोजगार के अवसर मिलें, तो यह देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है।

भारत ने शिक्षा के क्षेत्र में पहुंच बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। स्कूलों और कॉलेजों की संख्या बढ़ी है। नामांकन में वृद्धि हुई है। शिक्षा का विस्तार पहले की तुलना में कहीं अधिक हुआ है। लेकिन केवल स्कूल और कॉलेज बढ़ा देना शिक्षा की सफलता का प्रमाण नहीं है। असली सवाल यह है कि बच्चे और युवा वास्तव में क्या सीख रहे हैं।

आज भी बड़ी संख्या में विद्यार्थी अपनी कक्षा के अनुरूप पढ़ने, लिखने और गणितीय कौशल में अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पाते। उच्च शिक्षा में भी डिग्रियों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन शोध, नवाचार, आलोचनात्मक सोच और रोजगारपरक कौशल के क्षेत्र में अभी लंबी दूरी तय करनी है।

भारत यदि स्वयं को 'विश्वगुरु' बनाना चाहता है, तो उसे केवल अधिक विद्यार्थियों को शिक्षा व्यवस्था में शामिल करने से आगे बढ़ना होगा। शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा पास कराना और डिग्री देना नहीं हो सकता। शिक्षा का उद्देश्य जिज्ञासा पैदा करना, तर्कशील सोच विकसित करना, रचनात्मकता को बढ़ावा देना और युवाओं को बदलती दुनिया के लिए तैयार करना होना चाहिए।

## हाइड्रोजन ट्रेन,हरित भविष्य की ओर भारतीय रेल की ऐतिहासिक छलांग





विनोद कुमार सिंह तकियावाला

भारतीय रेल केवल एक परिवहन व्यवस्था नहीं, बल्कि भारत की सामाजिक,आर्थिक और तकनीकी प्रगति का जीवंत इतिहास है।पिछले लगभग डेढ़ सौ वर्षों में इसने अनेक परिवर्तन देखे हैं। कभी भाप के इंजन भारतीय रेल की पहचान थे। उसके बाद डीजल इंजनों ने गति और शक्ति का नया अध्याय लिखा।फिर विद्युत इंजनों ने भारतीय रेल को आधुनिकता, दक्षता और ऊर्जा बचत की नई दिशा प्रदान की। सीमित स्तर पर सीएनजी आधारित प्रयोग भी हुए। अब भारतीय रेल एक और ऐतिहासिक पड़ाव पर पहुँच चुकी है।हरित हाइड्रोजन से संचालित देश की पहली ट्रेन भारत के परिवहन इतिहास में एक नई क्रांति का उद्घोष करने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा के जींद से भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह केवल एक रेलगाड़ी का शुभारम्भ नहीं होगा,बल्कि विकसित भारत, हरित भारत और आत्मनिर्भर भारत के साझा संकल्प का साकार रूप होगा। देश के करोड़ों नागरिकों के साथ-साथ पर्यावरणविदों, वैज्ञानिकों और रेलवे परिवार के लिए भी यह गौरव का क्षण होगा।

भारतीय रेल का इतिहास बताता है कि हर नई तकनीक ने देश के विकास को नई गति दी है। भाप के इंजनों ने औद्योगिक युग की शुरूआत का साथ दिया। डीजल इंजनों ने लंबी दूरी की रेल सेवाओं को नई क्षमता प्रदान की।विद्युत इंजनों ने गति बढ़ाई, लागत घटाई और प्रदूषण कम किया। अब हाइड्रोजन इंजन उस यात्रा का अगला चरण है, जहाँ विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ चलेंगे।हाइड्रोजन ट्रेन की सबसे बड़ी विशेषता इसका स्वच्छ और पर्यावरण-अनुकूल संचालन है। पारंपरिक डीजल इंजन जहाँ कार्बनडाइऑक्साइड,नाइट्रोजन ऑक्साइड और अन्य प्रदूषक गैसों का उत्सर्जन करते हैं, वहीं हाइड्रोजन ईंधन सेल आधारित ट्रेन के संचालन से मुख्य रूप से जलवाष्प निकलती है।अर्थात ऊर्जा भी प्राप्त होगी और पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। यही कारण है कि पूरी दुनिया हरित हाइड्रोजन को भविष्य का ईंधन मान रही है।भारत ने वर्ष 2070 तक नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य निर्धारित किया है।इस लक्ष्य की प्राप्ति केवल उद्योगों या बिजली उत्पादन से संभव नहीं होगी,बल्कि परिवहन क्षेत्र में भी व्यापक बदलाव आवश्यक होंगे। भारतीय रेल पहले से ही विश्व की सबसे अधिक ऊर्जा-कुशल परिवहन प्रणालियों में शामिल है। अधिकांश रेलमार्गों का विद्युतीकरण, सौर ऊर्जा का विस्तार, ऊर्जा दक्ष स्टेशन और अब हाइड्रोजन ट्रेन—ये सभी प्रयास इस बात के प्रमाण हैं कि भारतीय रेल भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को निरंतर परिवर्तित कर रही है।

## रुपया 14 पैसे मजबूत होकर 96.28 प्रति डॉलर पर खुला

**मुंबई, यूटर्न/ 17 जुलाई ।** घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में 14 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96.28 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि, विदेशी पूंजी की भारी बिकवाली और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच वैश्विक कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने स्थानीय मुद्रा की बढ़त को सीमित रखा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 96.35 प्रति डॉलर पर खुला। फिर बढ़त के साथ 96.28 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 14 पैसे की मजबूती दर्शाता है। रुपया गुरुवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ 17 पैसे कमजोर होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96.42 पर बंद हुआ। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 100.78 पर रहा।

## मैकलॉयड रसेल बेचेगा चाय बागान, ऋण पुनर्गठन से मिली हरी झंडी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 17 जुलाई ।** मैकलॉयड रसेल इंडिया अब अपने चाय बागानों की बिक्री शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। नेशनल ऐसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (एनएआरसीएल) ने राष्ट्रीय कंपनी कानून पंचाट (एनसीएलटी) से कंपनी के खिलाफ दायर अपनी दिवालियापन की अर्जी औपचारिक रूप से वापस ले ली है, जिससे कंपनी के लिए यह रास्ता साफ हो गया है। एनसीएलटी के कोलकाता पीठ ने एनएआरसीएल की वकील इंडिया डेट रिजॉल्यूशन कंपनी लिमिटेड के माध्यम से दायर अर्जी को वापस लिया हुआ मानकर खारिज कर दिया। हालांकि, पीठ ने शर्त रखी कि पुनर्गठन प्रक्रिया विफल होने पर अर्जी फिर से शुरू की जा सकती है। यह घटनाक्रम 2 अप्रैल, 2026 को एनएआरसीएल द्वारा कंपनी के ऋणों के पुनर्गठन के लिए अनुमति पत्र जारी करने के बाद हुआ। एनएआरसीएल, जो 31 दिसंबर, 2025 तक कुल ऋणदाताओं के 75.02 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है, मूल रूप से एचडीएफसी बैंक के लगभग 444.55 करोड़ रुपये के ऋण का अधिकार प्राप्त करने वाली बन गई थी। इस अनुमति पत्र के तहत, मैकलॉयड रसेल को 15 फरवरी, 2029 तक एनएआरसीएल को 1,050 करोड़ रुपये चुकाने होंगे। कंपनी सूत्रों के संकेत हैं कि इस दायित्व को पूरा करने के लिए मैकलॉयड बागानों की पहली खेप की बिक्री के साथ आगे बढ़ेगी।

## कच्चे तेल में भारी उछाल, महंगाई आंकड़ों ने अमेरिकी डॉलर को थामा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 17 जुलाई ।** पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने वैश्विक कमोडिटी बाजार में हलचल मचा दी है। कच्चे तेल की आपूर्ति को लेकर बढ़ती चिंताओं के कारण शुक्रवार को ब्रेंट और डब्ल्यूटीआई क्रूड की कीमतों में करीब 1 फीसदी की तेजी दर्ज की गई, जबकि साप्ताहिक आधार पर यह बढ़ोतरी लगभग 12 फीसदी रही। हालांकि, आमतौर पर ऐसे भू-राजनीतिक संकटों में मजबूत होने वाला अमेरिकी डॉलर इस बार कमजोर महंगाई आंकड़ों के चलते स्थिर रहा, जिससे ब्याज दरों को लेकर बाजार की उम्मीदें बदल गई हैं। अमेरिका द्वारा ईरान के प्रमुख तेल निर्यात टर्मिनल पर हमले की खबरों और ईरानी बंदरगाहों पर नाकाबंदी लागू करने से कच्चे तेल की कीमतों को सहारा मिला। ट्रंप की बातचीत विफल होने पर कार्रवाई की चेतावनी ने भी चिंता बढ़ाई। तनाव से होर्मुज व बाब अल मंडेब जैसे महत्वपूर्ण समुद्री तेल मार्गों पर आपूर्ति बाधित होने की आशंका ने बाजार पर और दबाव डाला है। दूसरी ओर, भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद अमेरिकी डॉलर में बड़ी मजबूती नहीं दिखी। जून की उपभोक्ता और थोक महंगाई के अनुमान से कम रहने के आंकड़ों ने फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी की उम्मीदों को कमजोर कर दिया है। बाजार अब जुलाई में ब्याज दरों के अपरिवर्तित रहने की उम्मीद कर रहा है, हालांकि सितंबर के लिए निवेशकों की राय अभी भी बंटी हुई है।

## पश्चिम एशिया में तनाव के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत

# मानसून एक बड़ा जोखिम : आरबीआई गवर्नर

**» मुंबई, यूटर्न/ 17 जुलाई ।**



आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि मध्य पूर्व में जारी तनाव से पैदा हुई अनिश्चितता के बीच भी भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार मजबूत बना हुआ है। दूरदर्शन को दिए विशेष साक्षात्कार में आरबीआई गवर्नर ने पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव और संभावित कमजोर मानसून को भारत की अर्थव्यवस्था के लिए प्रमुख जोखिम बताया।

मल्होत्रा ने अमेरिकी डॉलर की मजबूती के बीच रुपए के प्रदर्शन का बचाव करते हुए कहा, ह्रपश्चिम एशिया में युद्ध के बाद डॉलर मजबूत हुआ है। कई देशों की मुद्राएं कमजोर हुई हैं। अगर वैश्विक स्तर पर देखें तो भारतीय रुपए की स्थिति सामान्य मानी जा सकती है ह्व उन्होंने कहा कि मजबूत सेवा निर्यात, प्रवासी भारतीयों से होने वाली आय, रिकॉर्ड प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और नए व्यापार समझौतों के प्रभाव से भारत का बा' क्षेत्र मजबूत बना रहेगा और निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा।

आरबीआई गवर्नर ने सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) में विदेशी निवेश को आसान बनाने के लिए, सरकार के हालिया कदमों, सेवा निर्यात और रेमिटेंस में वृद्धि, ब्रिटेन के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) तथा यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ जारी व्यापार वार्ताओं का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ये सभी कदम देश के भुगतान संतुलन (बैलेंस ऑफ पेमेंट्स) को मजबूत करने में मदद करेंगे।

हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अर्थव्यवस्था के सामने चुनौतियां बनी हुई हैं और नीति-निर्माताओं को फिलहाल वेट एंड वॉच की रणनीति अपनानी चाहिए।

महंगाई का जिक्र करते हुए आरबीआई गवर्नर ने कहा कि फिलहाल महंगाई लगभग 4 प्रतिशत के स्तर पर है और हालिया मूल्य दबाव मुख्य रूप से आपूर्ति पक्ष से जुड़े कारणों की वजह से रहे हैं।

आरबीआई ने इस वर्ष अब तक अपनी प्रमुख नीतिगत ब्याज दर 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रखी है, ताकि आर्थिक वृद्धि और मूल्य स्थिरता के बीच संतुलन बनाए रखा जा सके।

इस बीच, अमेरिका और ईरान के बीच फिर से बढ़े तनाव के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में दोबारा तेजी आई है। होरमुज स्ट्रेट से जहाजों की आवाजाही भी लगभग ठप हो गई है। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का करीब 88 प्रतिशत आयात करता है। ऐसे में तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से चालू खाते का घाटा बढ़ सकता है और महंगाई पर भी दबाव पड़ सकता है।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार, जून में खुदरा महंगाई (सीपीआई) 4.38 प्रतिशत रही, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में दर्ज की गई है।

## पेंशन से जुड़े मुकदमों को कम करने के लिए 18 जुलाई को दूसरी राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित करेगी सरकार

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 17 जुलाई ।**

पेंशन से जुड़े मामलों में मुकदमों को कम करने और विभिन्न हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ पेंशन एंड पेंशनर्स वेलफेयर) 18 जुलाई को राष्ट्रीय राजधानी में दूसरी नेशनल वर्कशॉप ऑन पेंशन लिटिगेशन का आयोजन करेगा। शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। इस कार्यशाला में सभी मंत्रालयों और विभागों के नोडल ऑफिसर्स, पैनल काउंसिल्स तथा कानूनी विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे, जिसका उद्देश्य पेंशन से जुड़े मामलों के बेहतर प्रबंधन के लिए सभी संबंधित पक्षों के बीच समन्वय को मजबूत करना है। इसके अलावा, इस कार्यक्रम का मकसद उन बार-बार सामने आने वाले मुद्दों की पहचान करना भी है, जिनकी वजह से पेंशन संबंधी मुकदमेबाजी होती है, ताकि भविष्य में ऐसे विवादों से बचने के लिए प्रभावी समाधान तैयार किए जा सकें।

## हाइड्रोजन ट्रेन की शुरूआत देश की ग्रीन मोबिलिटी यात्रा के लिए ऐतिहासिक क्षण : पीयूष गोयल

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 17 जुलाई ।**

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को भारत की पहली स्वदेशी हाइड्रोजन-संचालित ट्रेन की शुरूआत को देश की ग्रीन मोबिलिटी यात्रा के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बताया।



उन्होंने कहा कि यह स्वच्छ और आत्मनिर्भर परिवहन व्यवस्था की दिशा में एक बड़ा कदम है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'भारत के ग्रीन मोबिलिटी भविष्य के लिए सचमुच एक ऐतिहासिक क्षण। आज, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जींद-सोनीपत रूट पर भारत की पहली स्वदेशी हाइड्रोजन-संचालित ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। 1200 किलोवाट के हाइड्रोजन फ्यूल सेल प्रोपल्शन सिस्टम से चलने वाली और सिर्फ पानी की भाप छोड़ने वाली यह 10-कोच वाली इंजीनियरिंग की अद्भुत मिसाल है। यह 'आत्मनिर्भर भारत' और एक साफ-सुथरे, हरे-भरे भविष्य की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम है ह्व उन्होंने लिखा, 'प्रधानमंत्री मोदी के इनोवेशन-आधारित, नेट-जीरो ग्रोथ के विजन से प्रेरित और जींद में विकसित स्वदेशी हाइड्रोजन स्टोरेज व रीफ्यूलिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के सहयोग से भारत गर्व के साथ उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है जो टिकाऊ रेल परिवहन के क्षेत्र में नई पहल कर रहे हैं और क्लीन मोबिलिटी में नए मानक स्थापित कर रहे हैं ह्व

देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन शुरू में नॉर्दर्न रेलवे के 89 किलोमीटर लंबे जींद-सोनीपत सेक्शन पर चलेगी। यह भारत में ही डिजाइन, इंजीनियरिंग और एकीकृत की गई है।

इसे स्वदेशी तकनीक का उपयोग करके बनाया गया, जो उन्नत रेलवे इंजीनियरिंग में देश की बढ़ती क्षमताओं को दर्शाती है। इसके साथ ही, भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो जाएगा जिनके पास हाइड्रोजन-चालित ट्रेनें परिचालन में हैं। इस ट्रेन में दो हाइड्रोजन ड्राइविंग पावर कार व आठ ट्रेलर कोच हैं, और हर पावर कार 1,200 किलोवाट बिजली पैदा करती है।

## सैमसंग गैलेक्सी जेड फोल्ड 8 सहित 3 फोल्डेबल स्मार्टफोन लांच के लिए तैयार

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 17 जुलाई**



सैमसंग अपने बहुप्रतीक्षित गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट अपनी नई फोल्डेबल स्मार्टफोन श्रृंखला से पर्दा उठा सकती है। जानकारी के अनुसार, सैमसंग गैलेक्सी जेड फोल्ड 8 के साथ कई नए डिवाइस पेश किए जा सकते हैं। प्रीमियम स्मार्टफोन बाजार में इस लॉन्च को काफी अहम माना जा रहा है, क्योंकि भविष्य में इसका मुकाबला ऐपल के संभावित फोल्डेबल आईफोन अल्ट्रा से हो सकता है। आधिकारिक लॉन्च से पहले ही सैमसंग गैलेक्सी जेड फोल्ड 8 की कथित पहली झलक सामने आने से चर्चाएं तेज हो गई हैं। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, दक्षिण कोरिया के एक सैमसंग एक्सपीरियंस स्टोर में एक नए फोल्डेबल स्मार्टफोन को प्रदर्शित किया गया, जिसे गैलेक्सी जेड फोल्ड 8 बताया जा रहा है। सामने आई तस्वीरों में यह डिवाइस सफेद रंग के फिनिश के साथ दिखाई देता है।

इसके पिछले हिस्से पर डुअल रियर कैमरा सेटअप भी देखा गया है। हालांकि कंपनी ने अभी तक इस मॉडल से जुड़ी किसी भी जानकारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। रिपोर्टों के अनुसार, इस बार सैमसंग अपनी फोल्डेबल श्रृंखला का विस्तार करते हुए दो के बजाय तीन स्मार्टफोन पेश कर सकती है। इनमें सैमसंग गैलेक्सी जेड फोल्ड 8, सैमसंग गैलेक्सी जेड फ्लिप 8 और सैमसंग गैलेक्सी जेड फोल्ड 8 वाइड शामिल हो सकते हैं। वहीं, टिप्स्टर आइस यूनिवर्स का दावा है कि नए फ्लिप मॉडल में पहले की तुलना में अधिक पतले बेजल देखने को मिल सकते हैं, जिससे डिस्प्ले अनुभव बेहतर होगा। दूसरी ओर, ऐपल के पहले फोल्डेबल स्मार्टफोन को लेकर भी अटकलों का दौर जारी है। विभिन्न लीक रिपोर्टों में इसे आईफोन अल्ट्रा नाम से जोड़ा जा रहा है। सोशल मीडिया पर ऐपल हब द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में कथित फोल्डेबल आईफोन का डिजाइन भी दिखाया गया है..

## हाइड्रोजन ट्रेन, रेलवे को आधुनिक बनाने के पीएम मोदी के विजन का अहम हिस्सा : अश्विनी वैष्णव

**» जिंद, हरियाणा, यूटर्न/ 17 जुलाई**



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि हाइड्रोजन ट्रेन, रेलवे को आधुनिक बनाने के पीएम मोदी के विजन का अहम हिस्सा है। इस ट्रेन की तकनीक पूरी तरह से स्वदेशी है और आत्मनिर्भर भारत का शानदार उदाहरण है।

समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में वैष्णव ने कहा कि भारत में हाइड्रोजन को दुनिया के अन्य हिस्सों की तरह ही एक नए ईंधन के तौर पर देखा जाता है और सरकार ने इसे बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। रेलवे ने ट्रांसपोर्ट सेक्टर के लिए 2,400 किलोवाट का पूरा हाइड्रोजन प्रोपल्शन सिस्टम तैयार किया है, जिसे इस ट्रेन में लगाया गया है।

उन्होंने आगे कहा कि यह तकनीक पूरी तरह से स्वदेशी है और 'आत्मनिर्भर भारत' की सोच को दर्शाती है। यह ग्रीन एनर्जी की दिशा में एक अहम कदम है। साथ ही, यह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों से चल रहे रेलवे के आधुनिकीकरण के काम का हिस्सा है।



केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि इस हाइड्रोजन तकनीक के बौद्धिक संपदा (आईपी) अधिकार भारत के पास ही है और इसे आने वाले समय में निर्यात में भी किया जाएगा। साथ ही कहा कि रेलवे फिलहाल इसे आगे विकसित करने पर कार्य कर रहा है।

रेलवे की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, हाइड्रोजन फ्यूल सेल संचालित ट्रेन का प्रारंभिक संचालन उत्तर रेलवे के जींद-सोनीपत रेलखंड पर किया जाएगा। यह ट्रेन जींद जंक्शन, गोहाना जंक्शन और सोनीपत को जोड़ेगी। साथ ही यह मार्ग के बीच स्थित स्टेशनों और प्रस्तावित ठहरावों पर भी सेवा देगी। इनमें जींद सिटी, पांडु पिंडारा जंक्शन, ललित खेड़ा हॉल्ट, भंभेवा, इसापुर खेड़ी हॉल्ट, बुटाना हॉल्ट, खंडराई हॉल्ट, रभराह हॉल्ट, लाठ हॉल्ट, मोहाना, बरवासनी हॉल्ट और सोनीपत न्यू शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, भारत में चलने वाली हाइड्रोजन ट्रेन की खासियत यह है कि इसे 10 कोचों वाले यात्री ट्रेनसेट के रूप में तैयार किया है, जिसमें करीब 2,600 यात्रियों को ले जाने की क्षमता है। वहीं, वर्तमान में दुनिया भर में संचालित अधिकांश हाइड्रोजन यात्री ट्रेनों में केवल दो या तीन कोच होते हैं और इन्हें मुख्य रूप से छोटी क्षेत्रीय रेल सेवाओं के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### एसी नगर में पेयजल संकट पर फूटा गुस्सा, मुख्य अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 17 जुलाई ।** एसी नगर में लंबे समय से बनी पेयजल समस्या को लेकर स्थानीय लोगों का गुस्सा बृहस्पतिवार को फूट पड़ा। कॉलोनीवासियों ने नगर निगम के मुख्य अभियंता विवेक गिल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपते हुए समस्या के जल्द समाधान की मांग की। लोगों का आरोप है कि करीब एक वर्ष से कॉलोनी में नियमित पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही है जबकि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। स्थानीय निवासी एवं समाजसेवी दीनदयाल गौतम ने बताया कि एसी नगर में करीब 10 हजार से अधिक लोग रहते हैं। पिछले एक साल से पानी की गंभीर किल्लत बनी हुई है। अधिकांश समय नलों में पानी नहीं आता और जब आपूर्ति होती भी है तो उसका कोई निर्धारित समय नहीं होता। ऐसे में लोगों को रातभर जागकर पानी का इंतजार करना पड़ता है। कई परिवार मजबूरी में निजी टैंकरों से पानी खरीदकर अपनी जरूरत पूरी कर रहे हैं।

### डंपर की चपेट में आकर डिलीवरी बॉय की मौत, एक घंटे तक किया हंगामा

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 17 जुलाई ।** दिल्ली-जयपुर हाईवे पर खेड़की दौला टोल के पास बृहस्पतिवार सुबह डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार डिलीवरी बॉय की मौत हो गई। हादसे में साथी की मौत से गुस्साए काफी डिलीवरी बॉय एकत्र हो गए और लगभग एक घंटे तक हंगामा किया। इस कारण यातायात भी प्रभावित हुआ। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। युवक की पहचान अनिल कुमार (26) मूल निवासी अयोध्या के रूप में हुई है फिलहाल वह गुरुग्राम में रहकर डिलीवरी का काम करता था। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि डंपर को मौके से जब्त कर लिया गया है। डंपर चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर टीम आरोपी की तलाश के लिए दबिश दे रही है। बृहस्पतिवार की सुबह अनिल रोज की तरह बाइक से ऑर्डर डिलीवर करने निकला था। खेड़की दौला टोल के पास एक डंपर चालक ने उसे टक्कर मारकर कुचल दिया। हादसे के बाद आरोपी चालक डंपर को मौके पर ही छोड़कर भाग गया। हादसे के बाद काफी संख्या में डिलीवरी राइडर्स घटना स्थल पर एकक्ष हो गए।

# चौथी मंजिल से गिरकर किशोरी की मौत छेड़छाड़ का विरोध करने पर फेंकने का आरोप

» **कौशांबी, यूटर्न/ 17 जुलाई ।**

15 वर्षीय किशोरी की चौथी मंजिल से गिरने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने पड़ोसी युवक शहनवाज उर्फ शानू पर छेड़छाड़ का विरोध और शादी से इन्कार करने पर किशोरी को फेंकने का आरोप लगाया है। किशोरी की मां की शिकायत पर कौशांबी थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, पीड़ित मां ने शिकायत में बताया कि करीब 10 वर्षों से उनका परिवार कौशांबी क्षेत्र में किराये के मकान में रह रहा है। वह घरेलू सहायिका का काम कर परिवार का पालन-पोषण कर रही हैं। 15 वर्षीय बेटी भी इसमें हाथ बंटाती थी। आरोप है कि पड़ोस की इमारत में चौथी मंजिल पर रहने वाला शहनवाज काम पर आते-जाते समय किशोरी से छेड़छाड़ करता था। करीब दो माह से वह उस पर शादी का दबाव भी बना रहा था।

आरोप है कि करीब एक सप्ताह पहले आरोपी ने किशोरी को रास्ते में रोककर छेड़छाड़ की थी। विरोध करने और शादी से इन्कार करने पर उसने किशोरी की पिटाई की। इसके बाद से वह भय के कारण काम पर जाने और घर से बाहर निकलने से बच रही थी।



आरोप है कि बुधवार रात करीब 10 बजे किशोरी दूध लेने निकली थी। लौटते समय आरोपी उसे जबरन अपने कमरे में ले गया। करीब आधे घंटे बाद पड़ोस के दो युवकों ने परिवार को सूचना दी कि किशोरी चौथी मंजिल से नीचे गिर गई है। परिजन मौके पर पहुंचे तो वह गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिली। पहले उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से दिल्ली के जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### तीन माह पहले पिता की हो चुकी मौत


पीड़िता ने पुलिस को बताया कि पति मजदूरी करते थे। तीन माह पहले उनकी मौत के बाद परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी उन पर आ गई थी। छोटी बहन और भाई पढ़ाई कर रहे हैं, इसलिए किशोरी भी घरों में काम कर मां की मदद कर रही थी। मां का कहना है कि एक सप्ताह पहले हुई छेड़छाड़ और मारपीट की शिकायत पुलिस से की होती तो शायद उनकी बेटी आज जीवित होती।

आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है। कई संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है और सर्विलांस टीम भी आरोपी को ट्रेस करने में जुटी है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

-सूर्यबली मौर्य, एसीपी इंदिरापुरम

### दोस्त से मिलने आए युवक की संदिग्ध हालात में गोली लगने से मौत, हत्या का आरोप

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 17 जुलाई ।** सेक्टर-65 थाना इलाके में दोस्त से मिलने आए युवक की संदिग्ध हालात में गोली लगने से मौत हो गई।




युवक की पहचान आकाश (27) निवासी बदरपुर, दिल्ली के रूप में हुई है। वारदात के दौरान आकाश और उसका दोस्त लक्की कार में सवार थे। आरोप है कि कार में लक्की ने अपने पिता की लाइसेंसी पिस्तौल हाथ में ली हुई थी और गोली चला दी। ये गोली आकाश के माथे में लग गई। लक्की अपने भाई व पिता के साथ आकाश को अस्पताल ले गया और वहां से तीनों भाग गए। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि मृतक के भाई ने हत्या का आरोप लगाते हुए शिकायत दी है। उसकी शिकायत पर सेक्टर-65 थाना में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई है। आकाश के बड़े भाई मुकुल ने बताया कि आकाश उनके बहनोई मोहित के पास रहकर डिलिवरी का काम करता था। बुधवार दोपहर लगभग 3 बजे मुकुल को कॉल कर आकाश के दोस्त उदित ने बताया कि आकाश को गोली लगी है और वो गुरुग्राम के निजी अस्पताल में भर्ती है। मुकुल अपने साथी भानू और यश के साथ गुरुग्राम के अस्पताल पहुंचा और आकाश का शव देखा। उसके माथे में दांई ओर गोली लगी थी। अस्पताल में ही मुकुल बहनोई मैदावास निवासी मोहित व राहुल मौजूद मिले। मोहित ने बताया कि दोपहर लगभग 12 बजे आकाश अपने दोस्त लक्की से मिलने बहरामपुर गांव जाने की कहकर गया था।

# नशे की लत से मुक्ति के लिए अस्पताल में काउंसलिंग और इलाज एक ही जगह

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 17 जुलाई ।** नशे की लत से जूझ रहे लोगों के लिए जिला नागरिक अस्पताल ने उपचार व्यवस्था को और आसान बना दिया है। अस्पताल का एडिक्शन ट्रीटमेंट फैसिलिटी (एटीएफ) सेंटर अब मुख्य बिल्डिंग के स्तनपान कक्ष में संचालित किया जा रहा है। इसके पहले अस्पताल परिसर में कोविड महामारी के समय बने आइसोलेशन कंटेनर वार्ड में एडिक्शन ट्रीटमेंट फैसिलिटी संचालित की जा रही थी। जानकारी के अभाव में लोगों को भटकना पड़ता था। वर्तमान में केंद्र में प्रतिदिन औसतन पांच से सात लोग नशा छोड़ने के लिए परामर्श और इलाज लेने पहुंच रहे हैं। यहां प्रशिक्षित चिकित्सकों और काउंसलरों की देखरेख में पंजीकरण से लेकर दवा और फॉलोअप तक की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यदि कोई व्यक्ति स्वयं नशा छोड़ने की इच्छा से अस्पताल पहुंचता है या परिजन उसे लेकर आते हैं तो सबसे पहले काउंटर पर उसका पंजीकरण कराया जाता है। इसके बाद मरीज को ओपीडी के कमरा संख्या-3 में भेजा जाता है। यहां चिकित्सक डॉ. ऋषभ मरीज की जांच कर यह आकलन करते हैं कि नशे की लत कितनी गंभीर है। इसके आधार पर उपचार शुरू किया जाता है और



जरूरत के अनुसार मरीज को काउंसलिंग के लिए भेजा जाता है। काउंसलिंग की व्यवस्था अस्पताल के स्तनपान कक्ष में की गई है, जहां प्रशिक्षित काउंसलर मरीज और उसके परिजनों से विस्तार से बातचीत कर नशा छोड़ने के लिए मानसिक रूप से तैयार करते हैं। मरीजों को नियमित दवा, व्यवहार में बदलाव और समय-समय पर फॉलोअप की भी सुविधा दी जाती है, ताकि उपचार का सकारात्मक परिणाम मिल सके। अस्पताल के चिकित्सकों और काउंसलरों को राष्ट्रीय नशा मुक्ति उपचार केंद्र, एम्स की ओर से विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।

### एलान मॉल के पास वाहन की टक्कर से बाइक टैक्सी चालक की मौत

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 17 जुलाई ।** सेक्टर-80 में एलान मॉल के पास वाहन की टक्कर से बाइक टैक्सी चालक युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान साहिल जींद के खटकड़ गांव का रहने वाला था। वो गुरुग्राम में रेपिडो एप के जरिये बाइक टैक्सी चलाता था। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि युवक के पिता रमेश के बयान पर खेड़की दौला थाना में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पिता रमेश ने बताया कि उनका बेटा साहिल मानेसर सेक्टर-1 में किराये पर रहता था। सोमवार रात वह बाइक पर सवार होकर रामपुरा चौक से अपने कमरे की तरफ आ रहा था। सेक्टर-80 में एलान मॉल के सामने अज्ञात वाहन चालक ने साहिल की बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि साहिल गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी चालक मौके से वाहन भगा ले गया। हादसे के बाद वहां से गुजर रहे राहगीरों ने घायल युवक को संभाला और पुलिस को सूचना दी। एंबुलेंस से घायल को इलाज के लिए सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से अज्ञात वाहन व चालक की तलाश में जुट गई है।

### बच्चों को कमरे में बंद कर भांजे के साथ गई महिला, मामला दर्ज

**खोड़ा, यूटर्न/ 17 जुलाई ।** थानाक्षेत्र की रहने वाली एक महिला अपने दोनों बच्चों को कमरे में बंद करके चली गई। पति ने अपने भांजे पर पत्नी को ले जाने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस पर दो दिन तक चक्कर कटवाने और कार्रवाई न करने का आरोप है। मामला 13 जुलाई से 15 जुलाई के बीच का है। पीड़ित की एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, हालांकि अमर उजाला वीडियो की पुष्टि नहीं करता। पीड़ित ने बताया कि वह किराये के मकान में पत्नी और दो बच्चों के साथ रहते हैं। 2 जुलाई को उनका सगा भांजा घर घूमने के लिए आया था। बताया कि 13 जुलाई को वह मजदूरी करने चले गए और जब लौटे तब कमरे के अंदर से बच्चों के रोने की आवाज आ रही थी। उन्होंने बच्चों को बाहर निकाला और पत्नी की खोजबीन शुरू की लेकिन कुछ पता नहीं चला। आरोप है कि जब वह खोड़ा थाने पहुंचे तब पुलिस ने उनकी सुनवाई नहीं की। दो दिन से लगातार वह थाने-चौकी पहुंच रहे थे लेकिन कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की। 15 जुलाई को पीड़ित ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर वीडियो जारी करके पुलिस से मदद की गुहार लगाई।

### दोस्तों से शर्त लगाकर नहर में कूदा युवक, दो दिन बाद बल्लभगढ़ में मिला शव

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 17 जुलाई ।** दोस्तों के बीच लगी शर्त ने 23 वर्षीय युवक की जान ले ली। बदरपुर बॉर्डर स्थित लोहिया पुल पर आगरा कैनाल में छलांग लगाने के बाद तेज बहाव में बहा युवक दो दिन बाद बल्लभगढ़ के आईएमटी क्षेत्र के पास मृत अवस्था में मिला। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार, कालिंदी कुंज स्थित जेजे कॉलोनी निवासी धर्मवीर 12 जुलाई की शाम दोस्तों के साथ बदरपुर बॉर्डर स्थित लोहिया पुल पर गया था।

# दिल्ली पुलिस ने अवैध हथियारों के साथ दो लोगों को किया गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 17 जुलाई**

दिल्ली पुलिस ने अलग-अलग ऑपरेशन में दो लोगों को गैर-कानूनी हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से देसी पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं।




पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) राजेंद्र प्रसाद मीणा की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ये गिरफ्तारियां पुलिस के उस 'लगातार अभियानह्व के तहत की गईं, जिसका मकसद 'अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करना और इलाके में शांति व जन-सुरक्षा बनाए रखनाह्व है।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि सीमापुरी पुलिस स्टेशन के बीट स्टाफ ने संवेदनशील इलाकों में गश्त और निगरानी बढ़ा दी थी और 'उनकी सतर्कता व समय पर की गई कार्रवाई के चलते अलग-अलग घटनाओं में अवैध हथियार ले जा रहे दो लोगों को पकड़ा गया।ह्व पहले मामले में हेड कॉन्स्टेबल अजीत और रिंकू नई सीमापुरी के कब्रिस्तान रोड, एमसीडी पार्क के पास गश्त कर रहे थे, तभी उन्हें एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। गश्ती टीम को देखते ही वह व्यक्ति भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन उसका पीछा करके उसे पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान पुलिस को उसकी पैंट की बाईं जेब से एक देसी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस मिला।

आरोपी की पहचान नई सीमापुरी दिल्ली के रहने वाले सोहिल (19) के तौर पर हुई। बरामदगी के बाद, सीमापुरी पुलिस स्टेशन में आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत ऋक्षफ़दर्ज की गई और आगे की जांच हेड कॉन्स्टेबल रुजुद्दीन को सौंपी गई है।

एक और घटना में हेड कांस्टेबल मोनू और कॉन्स्टेबल विक्रम झिलमिल इंडस्ट्रियल एरिया के ए-ब्लॉक में रेलवे लाइन के पास गश्त कर रहे थे, तभी उन्हें एक और आदमी दिखा जो पुलिस टीम को देखकर भागने की कोशिश कर रहा था। उसे पकड़ लिया गया और तलाशी लेने पर एक देसी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के इटावा ज़िले के भंडवा सावरन गांव के रहने वाले ऋषिकान्त (22) के तौर पर हुई। पुलिस ने आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच हेड कांस्टेबल देवेंद्र को सौंपी।



## वास्तविक ताकत कभी दिखावे में नहीं होतीः हुमा कुरैशी

वास्तविक ताकत कभी दिखावे में नहीं होती, बल्कि धैर्य, प्रेम, संवेदनशीलता और बिना किसी अपेक्षा के दूसरों का साथ देने में होती है। ताजा पोस्ट में बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने अपनी मां के द्वारा दिया गया यह भावुक संदेश शेयर किया है। उन्होंने बताया कि उनकी मां ने उन्हें जीवन का यह सबसे महत्वपूर्ण सबक सिखाया है। अभिनेत्री ने कहा कि यही सीख आज भी उनके जीवन का आधार है और हर निर्णय में उनका मार्गदर्शन करती है। हुमा कुरैशी हाल ही में एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ीं और अपनी मां के सम्मान में एक पौधा लगाया। इस अवसर की तस्वीरें उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा कि यह केवल पौधारोपण नहीं, बल्कि अपनी मां के प्रति आभार व्यक्त करने का एक भावनात्मक माध्यम है। उन्होंने कहा कि मां के नाम लगाया गया यह पौधा समय के साथ बढ़ेगा और उनके प्रति प्रेम तथा सम्मान का प्रतीक बना रहेगा। अपने संदेश में उन्होंने लिखा कि उनके जीवन की सबसे मजबूत महिला उनकी मां हैं, जिन्होंने उन्हें सिखाया कि सच्ची शक्ति शांत स्वभाव, धैर्य और निस्वार्थ भाव से दूसरों के लिए समर्पित रहने में होती है।

## गजरा में सच्ची घटना पर आधारित किरदार निभाएंगी

# अदा शर्मा

## बोलीं-असल जिंदगी कई बार फिल्मों से भी ज्यादा नाटकीय होती है



हिंदी, तेलुगु और अन्य भाषाओं की फिल्मों में दमदार पहचान बनाने वाली अभिनेत्री अदा शर्मा इन दिनों अपनी नई मराठी फिल्म 'गजरा' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म के जरिए वह पहली बार मराठी सिनेमा में कदम रखने जा रही हैं। उनकी यह फिल्म सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। इस पर अदा का कहना है कि जब किसी वास्तविक घटना को बड़े पर्दे पर उतारा जाता है, तो कलाकार और फिल्म निमार्ता दोनों की जिम्मेदारी कई गुना बढ़ जाती है। ऐसी कहानियों का उद्देश्य उन लोगों के दर्द और संघर्ष को लोगों तक पहुंचाना होता है।

आईएएनएस से बातचीत के दौरान अदा शर्मा ने सच्ची घटनाओं पर आधारित फिल्मों को लेकर अपनी राय खुलकर साझा की। उन्होंने कहा कि जब किसी व्यक्ति के वास्तविक अनुभव या दर्द को पर्दे पर दिखाया जाता है, तो उस कहानी के साथ संवेदनशीलता बरतना बेहद जरूरी होता है। दर्शकों पर असर डालने के लिए किसी की पीड़ा को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाना सही तरीका नहीं है।

अदा ने कहा, 'जब आप वास्तविक घटनाओं से जुड़ी कोई कहानी बताते हैं, तो उसके साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी आती है। हमारा मकसद लोगों को चौंकाना नहीं होता, बल्कि उन्हें यह समझाना होता है कि कहानी के किरदार किन परिस्थितियों और भावनाओं से गुजर रहे हैं। अगर दर्शक किसी किरदार के दर्द और भावनाओं को महसूस कर पाते हैं, तभी ऐसी कहानी अपने उद्देश्य में सफल मानी जा सकती है।' अभिनेत्री ने आगे कहा, 'एक अभिनेता के तौर पर हम किसी और की जिंदगी में कुछ समय के लिए मेहमान बनते हैं। इसलिए हमारी कोशिश रहती है कि उस व्यक्ति की भावनाओं और अनुभवों को जितना हो सके, उतनी ईमानदारी और सच्चाई के साथ पर्दे पर पेश करें।' अदा शर्मा ने कहा, 'कई बार वास्तविक जिंदगी में होने वाली घटनाएं फिल्मों से भी ज्यादा नाटकीय होती हैं। लोग अक्सर सोचते हैं कि फिल्मों में कहानी को प्रभावशाली बनाने के लिए बहुत कुछ जोड़ा जाता है, लेकिन सच्ची घटनियों पर आधारित फिल्मों में कई बार ठीक इसका उल्टा करना पड़ता है।'

बता दें कि 'गजरा' फिल्म का निर्देशन श्रेयस जाधव कर रहे हैं। फिल्म की कहानी और विषय को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। निमार्ताओं के अनुसार, 'गजरा' साल 2027 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### फोटो स्टोरी



फ्रांस में मैगसे कार्स से चालन सुर सेसोन में टूर डी फ्रांस साइकिल रेस में भाग लेते हुए प्रतियोगी।

## पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर ने बताया विराट की सफलता का राज

**मुम्बई, यूटर्न/ 17 जुलाई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर ने कहा है अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को अपने कौशल और खेलने के तरीकों पर पूरा भरोसा रहता है और इसी कारण वह इतने सफल है। नायर के अनुसार जब विराट खराब दौर से गुजरते हैं तब भी वह अपनी तकनीक पर भरोसा बनाये रखते हैं और किसी प्रकार के बदलाव के बारे में नहीं सोचते। यही उनके महान होने का करण है। नायर ने कहा कि अपने तरीकों पर अटूट भरोसा ही उनकी लगातार सफलता का मूल कारण है। नायर ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के दौरे में जब विराट रन नहीं बना पा रहे थे तब भी अपने खेलने के तरीके पर बने हुए थे। नायर का मानना है कि यही अंतर दिग्गज और आम खिलाड़ियों के काम करने के तरीके में होता है। कोहली की मानसिक दृढ़ता और उनके अटूट विश्वास पर प्रकाश डालते हुए, नायर ने कहा कि वह विराट को लंबे समय से जानते हैं, लेकिन हाल ही में उन्हें समझ आया कि कोहली की महानता का रहस्य उनका दृढ़ भरोसा है, जो किसी भी परिस्थिति में नहीं बदलता। नायर ने एक घटना का जिक्र किया जब ऑस्ट्रेलिया में एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान कोहली संघर्ष कर रहे थे और दो बार शून्य पर आउट हुए थे। उस समय उन्होंने कोहली से संपर्क किया था यह जानने के लिए कि वह इस खराब दौर का सामना कैसे कर रहे हैं। तब कोहली ने काफी शांत तरीके से उनका जवाब दिया था। नायर ने बताया, मैंने उनसे पूछा कि क्या सब ठीक है और क्या वह किसी बात पर चर्चा करना चाहेंगे। उन्होंने बस इतना कहा, नहीं, सब ठीक है। यह खेल का हिस्सा है। उनका आत्मविश्वास जरा भी कम नहीं हुआ था।

## जो रूट एक लाजवाब खिलाड़ी, उनसे आप बहुत कुछ सीख सकते हैं : हैरी ब्रूक

» **कार्डिफ, यूटर्न/ 17 जुलाई ।**

इंग्लैंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे वनडे मुकाबले में भारत को 4 विकेट से हराया। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने सीरीज को 1-1 से बराबर कर दिया है। इंग्लिश टीम की जीत के नायक जो रूट रहे, जिन्होंने 99 रनों की नाबाद पारी खेली। कप्तान हैरी ब्रूक ने रूट की जमकर तारीफ की है।

मैच के बाद ब्रूक ने इंग्लैंड के गेंदबाजों द्वारा कराई गई शानदार वापसी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, 'मुझे लगा कि यह बहुत बेहतरीन कोशिश थी। 30 ओवर के बाद उनका स्कोर 3 विकेट पर 180 रन था और लग रहा था कि वे बड़ा स्कोर बनाएंगे। कुछ समय तक सैम करन और विल जैक्स ने एक साथ अच्छी गेंदबाजी की। मुझे लगा कि उन्होंने दोनों छोरों को बहुत अच्छे से संभाला। इसके बाद फिर आखिर में 60 रन पर 7 विकेट लेकर उन्हें ऑलआउट कर देना तो कमाल ही था।

रूट की लाजवाब पारी का जिक्र करते हुए इंग्लिश कप्तान ने कहा कि अनुभवी बल्लेबाज से काफी कुछ सीखा जा सकता है। उन्होंने कहा, 'वह एक जबरदस्त खिलाड़ी है। आप चेंजिंग रूम में भी उससे बहुत कुछ सीख सकते हैं। वह आस-पास रहने के लिए एक बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। वह हमेशा तब रन बनाते हैं, जब सबसे ज्यादा जरूरत होती है।

ब्रूक के अनुसार, युवा बल्लेबाजों को रूट से स्ट्राइक रोटेट करने का हुनर सीखना चाहिए। उन्होंने कहा, 'हां, वह कई वर्षों से स्ट्राइक रोटेट करने में दुनिया के सबसे अच्छे खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। मुझे कुछ साल पहले उनकी एक इनिंग याद है जिसमें मुझे लगता है कि उन्होंने सिर्फ तीन चौके मारे थे और 100 रन बनाए थे, जो कमाल की बात है। वह स्ट्राइक रोटेट करने में एक जबरदस्त खिलाड़ी है।

दूसरे वनडे में भारत से मिले 234 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही थी। बेन डकेट बिना खाता खोले पवेलियन लौटे थे, जबकि जैकब बेथेल को प्रसिद्ध कृष्णा ने 4 रनों के स्कोर पर आउट किया था। वहीं, कप्तान हैरी ब्रूक भी 16 रन बनाकर आउट हो चुके हैं। इस मुश्किल परिस्थिति में जो रूट ने मोर्चा संभाला और बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए एक छोर संभाले रखा। रूट ने सैम करन, जोस बटलर और विल जैक्स के साथ अच्छी साझेदारियां निभाते हुए इंग्लैंड को लक्ष्य तक पहुंचाया। हालांकि, रूट अपने शतक से एक रन दूर रह गए। उन्होंने 99 रनों की अपनी पारी में 9 चौके लगाए।

रूट की लाजवाब पारी का जिक्र करते हुए इंग्लिश कप्तान ने कहा कि अनुभवी बल्लेबाज से काफी कुछ सीखा जा सकता है। उन्होंने कहा, 'वह एक जबरदस्त खिलाड़ी है। आप चेंजिंग रूम में भी उससे बहुत कुछ सीख सकते हैं। वह आस-पास रहने के लिए एक बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। वह हमेशा तब रन बनाते हैं, जब सबसे ज्यादा जरूरत होती है।



## फटाफट खबरें

### खिसिया रहा अमेरिका ने इजरायल से कहा- भाड़ में जाओ तुम

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 17 जुलाई ।** अमेरिका और इजरायल के बीच दशकों पुराने मजबूत संबंधों में बढ़ती खटास अब खुले तौर पर सामने आ गई है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान के साथ शांति समझौते को लेकर इजरायली सोशल मीडिया अभियानों की कड़ी निंदा करते हुए उन्हें सीधे शब्दों में भाड़ में जाओ कह दिया है। वेंस ने एक पॉडकास्ट बातचीत के दौरान इजरायल पर यह तीखा हमला किया, जिससे दोनों सहयोगी देशों के बीच के गहरे मतभेद उजागर हो गए हैं। यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका ईरान के साथ एक शांति समझौता करने का प्रयास कर रहा है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में तनाव कम करना है। हालांकि, इजरायल इस समझौते का कड़ा विरोध कर रहा है, खासकर इसलिए क्योंकि यह ईरान के मिसाइल कार्यक्रम को रोकने में विफल रहा है, जिसे इजरायल अपनी सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा मानता है। वेंस ने आरोप लगाया कि इजरायली खेमे में ऐसे कुछ लोग हैं जो किसी तय रणनीतिक लक्ष्य को हासिल करने के बजाय ईरान के साथ संघर्ष को अनिश्चितकाल तक खींचना चाहते हैं।

### एआई स्टार्टअप के क्षेत्र में मात्र 12 साल की माना ने कमाया नाम

**लंदन, यूटर्न/ 17 जुलाई ।** जिस उम्र में बच्चे अक्सर स्कूल जाने या खेलने-कूदने में अपना समय बिताते हैं, कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में रहने वाली 12 साल की बच्ची माना जम्पाला ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की दुनिया में जबर्दस्त नाम कमाया है। छोटी सी उम्र में इस बालिका ने अपना खुद का स्टार्टअप वोक्सा शुरू कर दिया है। यह स्टार्टअप छोटे व्यवसायों के लिए एआई-पावर्ड वर्चुअल रिसेप्शनिस्ट के तौर पर काम करता है, जो फोन कॉल्स, अपॉइंटमेंट और ऑर्डर्स को कुशलतापूर्वक मैनेज करता है, और अंत में कॉल की समरी भी प्रदान करता है। माना के भीतर कुछ अलग करने की ललक बचपन से ही थी, लेकिन उन्हें नहीं पता था कि यह जुनून उनके पिता की कंपनी के लिए एक वरदान साबित होगा और उन्हें एक सफल उद्यमी बना देगा। इस आविष्कार का विचार तब आया जब माना एक बार अपने पिता के कार्यालय गईं और उन्होंने देखा कि उनकी छोटी सी टीम ग्राहकों के साथ व्यस्त होने के कारण कई महत्वपूर्ण फोन कॉल्स मिस कर रही थी।

### नॉर्वे के स्वालबार्ड द्वीप पर मरना और जन्म लेना है अपराध

**ओस्लो, यूटर्न/ 17 जुलाई ।** नॉर्वे का स्वालबार्ड द्वीप, जो आर्कटिक महासागर के बर्फीले इलाके में स्थित है। दुनिया के इस अनोख द्वीप पर मरना और जन्म लेना दोनों ही गैरकानूनी है। बर्फ से ढके पहाड़, चमचमाते ग्लेशियर और बेहद खूबसूरत प्राकृतिक नजारे इसे किसी जन्नत जैसा खूबसूरत बनाते हैं, पर इस स्वर्ग जैसी जगह के कुछ ऐसे कानून हैं, जो इसे पूरी दुनिया में सबसे अलग बना देते हैं। दिलचस्प बात यह है कि दुनिया के कई देशों के नागरिक बिना वीजा के स्वालबार्ड जा सकते हैं। हालांकि, यहां पहुंचने के बाद स्थानीय नियमों का पालन करना अनिवार्य हो जाता है।



## भारतीय वायुसेना के राफेल विमान 'पिच ब्लैक 2026' अभ्यास के लिए पहुंचे ऑस्ट्रेलिया

**कैनबरा, यूटर्न/ 17 जुलाई ।** भारतीय वायुसेना (आईएएफ) की एक टुकड़ी युद्धाभ्यास 'पिच ब्लैक 2026' में हिस्सा लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया पहुंच गई है। 'पिच ब्लैक 2026' युद्धाभ्यास 20 जुलाई से 7 अगस्त तक उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में रॉयल ऑस्ट्रेलियन एयर फोर्स (आरएएएफ) के डार्विन, टिंडल और एंबरली बेस पर आयोजित होगा। इस युद्धाभ्यास में 20 देशों के करीब 100 जेट एयरक्राफ्ट और 2,500 से अधिक जवान हिस्सा लेंगे।

भारतीय वायुसेना ने चार राफेल और दो सी-17 एयरक्राफ्ट के साथ 120 से अधिक वायु योद्धाओं को युद्धाभ्यास के लिए ऑस्ट्रेलिया भेजा है। यह दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाने की दिशा में एक और कदम है। आईएएफ की टुकड़ी के पहुंचने की जानकारी देते हुए कैनबरा स्थित भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'भारतीय उच्चायोग को डार्विन में भारतीय वायुसेना की उस टुकड़ी का स्वागत करते हुए गर्व हो रहा है, जिसमें चार राफेल और दो सी-17 एयरक्राफ्ट के साथ 120 से अधिक वायु योद्धा शामिल हैं।

# यूक्रेन के कई इलाकों में रूस ने रातभर मचाई तबाही, अलग-अलग शहरों में कई की मौत

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 17 जुलाई ।**



यूक्रेन में लगातार रूसी हमलों को दौर जारी है। गुरुवार रातभर रूस ने यूक्रेन के कई शहरों में भारी तबाही मचाई। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमिर जेलेंस्की ने बताया कि रातभर हुए हमलों में कई इलाकों में लोगों की मौत और घायल होने की घटनाएं हुईं, जबकि रिहायशी इमारतों और नागरिक ढांचे को भी भारी नुकसान पहुंचा। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोर्दमिर जेलेंस्की ने सोशल मीडयि प्लेटफॉर्म 'एक्स' पोस्ट में लिखा, 'ओडेसा में रूस के रातभर हुए मिसाइल हमले में एक रिहायशी इमारत को नुकसान हुआ, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। पांच अन्य लोग घायल हो गए, जिनमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है। मैं उनके परिवारों और अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।'

जेलेंस्की ने बताया कि सुमी क्षेत्र पर 15 गाइडेड एरियल बम गिराए गए। सुमी में एक व्यक्ति घायल हुआ है। कई रिहायशी घरों और आम नागरिकों से जुड़े ढांचे को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि हमारे दूसरे क्षेत्रों पर भी हमले हुए। जापोरिज्जिया क्षेत्र में हवाई हमले में दो लोगों की मौत हो गई और पांच लोग घायल हुए। खार्किव क्षेत्र में गोलाबारी के कारण तीन लोग घायल हुए। चेर्निहाइव क्षेत्र में एक व्यक्ति घायल हुआ। खेरसोन, डोनेट्स्क और नीप्रो क्षेत्रों पर भी हमले किए गए। कुल मिलाकर, दुश्मन ने रातभर में यूक्रेन पर 130 से ज्यादा अटैक ड्रोन और आठ मिसाइलें दागीं। जेलेंस्की ने कहा कि यह बेहद जरूरी है कि हर सरकारी संस्था और हमारे साझेदारों के साथ यूक्रेन की रक्षा और मजबूती के लिए काम कर रहे सभी लोग पूरी तेजी और प्रभावी तरीके से काम करें। नेताओं के स्तर पर जो भी फैसले और समझौते हुए हैं, उन्हें जल्द से जल्द लागू किया जाना चाहिए। आज मिलने वाला हर रक्षा पैकेज सिर्फ एक आंकड़ा नहीं है, बल्कि ऐसे जरूरी उपकरण हैं जो यूक्रेन में हर दिन लोगों की जान बचाने में मदद करते हैं। मैं उन सभी लोगों का धन्यवाद करता हूं जो इस तरह काम कर रहे हैं.

## फोटो स्टोरी




चेक गणराज्य की राजधानी प्राग में स्ट्रीट फेस्टीवल के दौरान अपनी कला दिखाते हुए कलाकार।

## 30 साल और उससे ज्यादा आयु के सभी सैनिकों की टेस्टोस्टेरोन जांच जरूरी

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 17 जुलाई ।** अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने अपनी युद्धक क्षमता को मजबूत करने के लिए एक अहम फैसला लिया है। ट्रंप प्रशासन की व्यापक सैन्य तैयारी योजना के तहत, पेंटागन ने 30 साल और उससे ज्यादा आयु के सभी सक्रिय ड्यूटी और रिजर्व सैन्यकर्मियों के लिए टेस्टोस्टेरोन की कमी की अनिवार्य जांच कराने का आदेश दिया है। इस कदम का मुख्य उद्देश्य सैन्य तैयारियों को बेहतर बनाना, युद्धक्षेत्र में सैनिकों के प्रदर्शन को ज्यादा प्रभावी बनाना और एक विशेष स्थिति जिसे पेंटागन ऑपरेटर सिंड्रोम कहता है, उससे निपटना है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ऑपरेटर सिंड्रोम से ग्रस्त सैनिकों में कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं देखी जाती हैं, जिनमें टेस्टोस्टेरोन का स्तर कम होना, लगातार थकान और ऊर्जा की कमी, मांसपेशियों की ताकत और सहनशक्ति में गिरावट, नींद से जुड़ी समस्याएं, याददाश्त और एकाग्रता में कमी और तनाव, चिंता या अवसाद जैसे मानसिक स्वास्थ्य संबंधी लक्षण शामिल हैं।

## राष्ट्रपति ट्रंप का 2020 के चुनाव को लेकर बड़ा दावा, राजनीतिक दखल देने के लिए चीन ने चलाया अभियान

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 17 जुलाई**



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर अमेरिकी चुनाव में दखल देने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बीजिंग उनके राष्ट्रपति पद को कमजोर करना चाहता है और लाखों अमेरिकी वोटरों का रिकॉर्ड हासिल करना चाहता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि वह अमेरिकी इंटेलिजेंस कम्युनिटी के अंदर अपनी गतिविधियों को छिपाना चाहता है। व्हाइट हाउस से राष्ट्र के नाम टेलीविजन पर प्रसारित संबोधन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव सुरक्षा से जुड़े खुफिया दस्तावेजों को तत्काल प्रभाव से सार्वजनिक करने की घोषणा की। उन्होंने दावा किया कि इन दस्तावेजों से अमेरिका की चुनावी व्यवस्था में चौंकाने वाली कमियां सामने आई हैं और इनमें वर्षों तक अमेरिकी राजनीति को प्रभावित करने के लिए चीन के कथित प्रयासों का भी विवरण है। ट्रंप ने कहा, 'पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना ने चुनावी डेटा में इतिहास की सबसे बड़ी सेंध लगाई, जिसके परिणामस्वरूप चीन ने अवैध रूप से 22 करोड़ अमेरिकी मतदाताओं की फाइलें हासिल कर लीं ह्व उन्होंने दावा किया कि इन रिकॉर्ड्स के अनुसार, चुराए गए डेटा में मतदाताओं के नाम, पते, फोन नंबर, राजनीतिक दल की प्राथमिकता और अन्य व्यक्तिगत जानकारियां शामिल थीं, जिनका इस्तेमाल मतदाता पंजीकरण कराने और अन्य कथित अवैध गतिविधियों के लिए किया जा सकता था। ट्रंप ने आरोप लगाया कि अमेरिकी इंटेलिजेंस एजेंसियों को पहली बार 2020 में पता चला कि 18 राज्यों में करोड़ों वोटर रिकॉर्ड चीन ने खरीदे, चुराए या हैक किए थे।

# अमेरिका ने ईरान के एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और पुल कर दिए तबाह

- ईरान ने बहरीन, जॉर्डन और कुवैत के अमेरिकी बेस पर हमला किया

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 17 जुलाई ।**



अमेरिका और ईरान के बीच तनाव अपने चरम पर पहुँच गया है, जहाँ अमेरिका ने ईरान पर लगातार छठे दिन भी भीषण हमले किए हैं। गुरुवार रात को, अमेरिकी सेना ने ईरान के दक्षिणी प्रांतों में रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाया, जिसमें पुल, रेलवे स्टेशन, पावर प्लांट और दूरसंचार टावर तबाह हो गए। रिपोर्टों के अनुसार, इन हमलों में कम से कम दो लोगों की मौत हुई है। अमेरिकी हमलों का मुख्य उद्देश्य ईरान के महत्वपूर्ण इन्फ्रास्ट्रक्चर को भारी नुकसान पहुँचाना प्रतीत होता है। गुरुवार को ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए बहरीन, जॉर्डन और कुवैत जैसे पड़ोसी खाड़ी देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया था, जिससे क्षेत्रीय तनाव और बढ़ गया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने दावा किया है कि हालिया हमलों के बाद ईरान की सैन्य और ढाँचागत क्षमता बुरी तरह प्रभावित हुई है।

ईरान के सरकारी मीडिया के अनुसार, अमेरिका ने होर्मुज क्षेत्र में भी कई हमले किए हैं। दक्षिणी ईरान के इरानशहर एयरपोर्ट के पास जोरदार धमाके सुने गए, जहाँ मिसाइल हमलों की पुष्टि हुई है। अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने एयरपोर्ट पर मिसाइलें दागीं। इसके अलावा, बंदरगाह शहर बंदर अब्बास में स्थित रेलवे स्टेशन को भी निशाना बनाया गया है, जिससे क्षेत्र की यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई है। ईरान के अधिकारियों ने बताया कि होर्मुजगैन प्रांत में बंदर खमीर के पास दो पुलों पर भी हमले हुए हैं। इन हमलों में करीब दो लोगों के मारे जाने और चार के घायल होने की खबर है, जिसके बाद बंदर अब्बास को जोड़ने वाले खमीर और लार के रास्ते बंद कर दिए गए हैं। हमलों का सिलसिला यहीं नहीं रुका; दक्षिणी ईरान के केश्म आइलैंड पर भी बमबारी की गई। बंदर अब्बास के एक मोबाइल टावर को भी भारी नुकसान पहुँचा है, जिससे इस इलाके में मोबाइल सेवाएँ बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। इस हमले में सात लोगों के घायल होने की सूचना मिली है, जो दर्शाता है कि अमेरिकी हमले कितने व्यापक और गंभीर थे। ये हमले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस धमकी के बाद हुए हैं, जिसमें उन्होंने ईरान को चेतावनी दी थी कि अगर होर्मुज जलडमरूमध्य को सबके लिए पूरी तरह नहीं खोला जाता है, तो घुसकर उसके इन्फ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाया जाएगा।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *